26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 1 सितम्बर , 2026

अंक- 308 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# मोदी की फिर अपील- जरूरत न हो तो सोना नहीं खरीदें

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश की आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देशवासियों की इच्छाशक्ति, मेहनत और सामूहिक ताकत का नतीजा है। पीएम ने एक बार फिर लोगों से गैर-जरूरी सोने की खरीदारी से बचने की अपील की। उन्होंने कहा, 'अगर जरूरत न हो तो सोना नहीं खरीदना चाहिए।' इससे पहले 11 मई को भी पीएम ने देशवासियों से सोना नहीं खरीदने की अपील की थी।

पीएम मोदी ने कहा- देश के अंदर भी कुछ लोग निराशा फैलाने और 'झूठ की गूंज' के सहारे माहौल खराब करने में लगे हैं। इन सभी चुनौतियों को पार करते हुए भारत ने 7.8 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। देश को यही रफ्तार बनाए




रखनी होगी और आगे भी तेजी से विकास करना होगा। उन्होंने कहा, विदेश में घूमने के लिए यात्राएं करने और विदेश में शादी करने से बचना चाहिए। लोगों को मेक इन इंडिया के मंत्र के साथ आगे बढ़ना चाहिए। पीएम ने यह भी कहा, जितना ज्यादा स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया जाएगा, भारत उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि जब भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब देश की युवा पीढ़ी को एक विकसित भारत सौंपा जाएगा।

## सोने का आयात कम हो तो रुपया मजबूत होता है

भारत अपने इस्तेमाल का करीब 99 प्रतिशत सोना विदेशों से खरीदता है। 2025-26 में सोने का ये इम्पोर्ट बिल करीब 6.4 लाख करोड़ रुपए का था। भारत को विदेश से सोना खरीदने पर विदेशी मुद्रा डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। जब हम सोना कम खरीदते हैं, तो देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहता है और डॉलर की मांग कम हो जाती है। डॉलर की मांग घटने से विदेशी मुद्रा बाजार में रुपए पर दबाव कम होता है जिससे रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत बना रहता है।

# आतंकवाद के पूरे तंत्र का खात्मा जरूरी- मोदी

**बिश्केक ( एजेंसी/चिंगारी )।** किर्गिस्तान के बिश्केक में SCO समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अचानक मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत की। दोनों के बीच अलग से द्विपक्षीय बैठक पहले से तय नहीं थी। इस दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन भी दोनों नेताओं के साथ नजर आए। SCO समिट में अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट कार्रवाई की जरूरत बताई। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरा रवैया नहीं होना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के पूरे तंत्र को खत्म करने पर जोर दिया।






# भाकियू ने पीएनबी पर किया धरना-प्रदर्शन



**स्योहारा ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पीएनबी बैंक मैनेजर के खिलाफ बैंक के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने एक किसान के खाते से कथित रूप से फर्जी तरीके से एक लाख रुपये निकाले जाने और लोन खातों के सेटलमेंट के नाम पर अधिक धनराशि वसूले जाने का आरोप लगाते हुए मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की। प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद शाम करीब चार बजे धरना समाप्त कर दिया गया। भाकियू के तहसील अध्यक्ष चौ. गजेंद्र सिंह टिकैत ने कहा कि अनीशा नांगली के किसान के खाते से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अपना फोटो लगाकर कथित रूप से एक लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। उन्होंने मांग की कि पीड़ित की पूरी धनराशि वापस कराई जाए और प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के लोन खातों में सेटलमेंट के नाम पर भी निर्धारित राशि से अधिक धनराशि वसूली जा रही है, जिससे किसानों में रोष है। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार और थानाध्यक्ष संजय सिंह तोमर मौके पर पहुंचे। किसानों ने बैंक मैनेजर की मौजूदगी में अपनी समस्याएं और आरोप अधिकारियों के समक्ष गंभीरता से रखे।

नायब तहसीलदार और थानाध्यक्ष ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनके साथ किसी भी प्रकार की गलत कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी और शिकायतों की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। धरना-प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, गजम सिंह, रामचरण सिंह, हिफजुर्रहमान, मो. जमाल, देवराज सिंह, अमित कुमार, पोखर सिंह, सुखबीर सिंह, योगेश ठाकुर, हरिओम यादव, इमरान, मलखान गुर्जर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।






# बारिश में गिरा गरीब का मकान, नष्ट हो गया गृहस्थी का सामान



**स्योहारा ( चिंगारी )।** मूसलाधार बारिश एक गरीब के आशियाने पर कहर बनकर टूट पड़ी और सब कुछ तहस-नहस कर दिया। सोमवार को ग्राम मुकरपुरी में वसीम पुत्र रफीक का मकान बारिश के चलते धराशायी हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सदस्य मकान के अंदर नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मकान गिरने से परिवार की गृहस्थी का काफी सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही परिवार के सामने छत की समस्या खड़ी हो गई है।

पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और राहत दिलाने की मांग की है। ग्राम प्रधान सलीम ने घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देते हुए पीड़ित परिवार को सहायता दिलाने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। कई बार मकान के सर्वे भी हुए, लेकिन न जाने किस कारण मकान न बन पाया। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से बारिश को देखते हुए प्रभावित परिवार की स्थिति का जायजा लेकर जल्द राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं, हलका लेखपाल इरशाद अहमद ने बताया कि मकान गिरने की सूचना मिली है, जांच में सामने आया है कि मकान में कोई नहीं रह रहा था। वसीम दूसरे गांव में अपने बच्चों के साथ रहता था।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# टायर फटा तो कार से जा टकरायी कार, 6 घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 काशीपुर-हरिद्वार हाईवे पर पीपलसाना के पास सोमवार शाम दो कारों की भिड़ंत में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पंजाब निवासी गुरप्रीत सिंह की कार धामपुर नगीना मार्ग स्थित गांव पीपलसाना के पास हाईवे पर जब पहुंची तभी उसका टायर फट गया। तेज गति में चल रही कार अनियंत्रित होकर हाईवे के कट को पार कर दूसरी दिशा में चली गई। इसी दौरान सामने से आ रही अफजलगढ़ निवासी शमीम अहमद की कार से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। शमीम अहमद अपने परिवार के साथ दवाई लेकर वापस अफजलगढ़ जा रहे थे। कार की भिड़ंत होने से पंजाब निवासी गुरप्रीत सिंह, पत्नी गुरविंदर, ओंकार, सतनाम, लवप्रीत और 8 वर्षीय दलजीत और अफजलगढ़ निवासी शमीम अहमद, पत्नी शहनाज, सनी अहमद, साहिल और मोबिन चोटिल हो गए। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को कार में से बाहर निकाला। सभी को 'श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल, पीपलसाना' पहुंचाया गया। डॉक्टर ने बताया कि 2 के पैर में फ्रैक्चर है बाकी को मामूली चोट आई है। सभी खतरे से बाहर हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कर यातायात को सुचारू कराया। एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव का कहना है कि हादसा टायर फटने से हुआ।

# पाडली मांडू की सड़क जलमग्न, 10 गांवों का सम्पर्क टूटा

**नहटौर ( चिंगारी )। गांगन नदी के पानी के तेज बहाव में पाड़ली मांडू की सड़क जलमग्न हो गयी है। रास्ते में पानी आ जाने से दस से अधिक गाँवो का नहटौर से सीधा संपर्क टूट गया था।**



नहटौर में नूरपुर रोड से ग्राम पाडली जाने वाले संपर्क मार्ग पर गांगन नदी के पानी के तेज बहाव से ग्राम पाडली, खादना, उमरी, चाकरपुर, पहाड़पुर चतर, बसेड़ा, दबथला आदि गांव की फसलें जलमग्न हो गई है। वहीं दबथला से लेकर पाड़ली मांडू तक जाने वाले रास्ते पर भी जल भराव हो गया है। रास्ता जलमग्न होने से गांव का नहटौर से सीधा संपर्क प्रभावित हो गया है। इससे पहले जुलाई में भी गांगन नदी के पानी के तेज बहाव के द्वारा उक्त रास्ते को काट दिया गया था, जिसे पीडब्ल्यूडी द्वारा सही किया गया था। क्षेत्रवासियों ने शासन से किसानों के नुकसान का आंकलन कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज भव्य कलश यात्रा के साथ ग्राम खानपुर में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा सुनने को बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़े। सर्वप्रथम ग्राम खानपुर स्थित नाथ जी की कुटिया वाले मंदिर पर पूजन हुआ। पूजन पं. सुमित दीक्षित तथा पं. विश्वनाथ प्रताप ने कराया। मुख्य यजमान सत्यपाल सिंह राजपूत एवं गीता देवी रहे। उसके उपरांत ग्राम खानपुर, नांगल, जीतपुर के मुख्य मार्गों से होते हुए डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलायें-पुरुष शामिल रहे। कलश यात्रा के उपरांत कथावाचक सौरभ कौशिक ने श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत सुनने मात्र से मनुष्य के तमाम कष्ट-संकट दूर हो जाते हैं। भागवत का ज्ञान समस्त सुखों को प्रदान करने वाला है। राधेश्याम सिंह, सुभाष सिंह, दिनेश परमार, प्रमोद कुमार, ठाकुर सिंह, राकेश परमार, हरेन्द्र सिंह, बीना देवी, सुनीता देवी, बाला देवी, मालती देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।



कलश यात्रा निकालते ग्रामीण

# खेत में किशोरी और रसोई में महिला को सांप ने डसा

**नगीना ( चिंगारी )।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर सांप के काटने से किशोरी समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बिजनौर रैफर किया गया।

थाना बढ़ापुर क्षेत्र के गांव नाईवाला निवासी तनु पुत्री बृजपाल(16 वर्ष) सोमवार दोपहर खेत में काम करने गई थी, उसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे तत्काल नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। उसकी हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। दूसरी घटना नगीना थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर की है। गांव निवासी शीबा (30 वर्ष) घर की रसोई में रोटी बना रही थी। इसी दौरान उसके पैर में सांप ने काट लिया। परिजन उसे आनन-फानन में नगीना सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बिजनौर रैफर कर दिया।

# चोर ने घर में घुसकर आराम फरमाया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** हीमपुर दीपा बस स्टैंड के समीप चोरी की एक ऐसी घटना प्रकाश में आई है जिसमें मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोर घर में घुस गया और जमकर उत्पात मचाया। कुर्सी, वाइपर आदि सामान तोड़फोड़ डाला। चोर ने खिड़की की जाली तोड़कर इनवर्टर खींचने का भी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। घर में नकदी या कुछ चोरी हुआ या नहीं, फिलहाल इसका अभी पता नहीं चल सका। चोर ने चारपाई पर लेटकर घंटों अपनी थकान भी उतारी और दूसरे दरवाजे से फरार हो गया। घटना के समय मकान मालिक सुधा देवी पत्नी स्व. रामरतन शर्मा रक्षाबंधन मनाने अपने मायके गई थी। उस समय घर पर कोई नहीं था। पड़ोसियों की सूचना के बाद उन्हें घटना का पता चला। जब वह घर पहुंची तो घर के हालात देख हतप्रभ रह गई। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। बताते हैं कि एक कमरे में सुधा देवी, दूसरे कमरे में पुत्री आकांक्षा का सामान रखा है। चोर का निशाना आकांक्षा का ही कमरा रहा, जिसमें ताला जड़ा था। घटना से एक-दो रोज पहले ही आकांक्षा अपनी ससुराल गई थी। मालूम हो कि पिछले दिनों हीमपुर दीपा गांव के ही एक कपड़ा व्यापारी के मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोर दिनदहाड़े घर में घुसकर नगदी, जेवर चुरा ले गए थे। कपड़ा व्यापारी का परिवार भी उस समय बाहर गया हुआ था।




★5999 रुपये के डाउन पेमेंट पर कोई भी स्कूटर अपने घर ले जायें।
★5000 तक के बेनिफिट
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

# जवाबदेही होनी चाहिए!

हमारी सार्वजनिक संस्थाओं में जवाबदेही पर शायद ही कभी ध्यान दिया जाता हो क्योंकि औपनिवेशिक सरकारें प्रमुख रूप से लगान या कर एकत्र करने और कानून-व्यवस्था पर ही ध्यान देती थीं, जिनमें से कोई भी इस पर निर्भर नहीं रहता था कि नागरिक कितना खुश है। चूंकि भारत में लोगों द्वारा निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार है, इस लिए समय आ गया है कि हमारे लोक प्रशासन में लोगों के प्रति जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित किया जाए। लोक प्रशासन में न्यायसंगतता और पारदर्शिता बहुत अहम है। लोक प्रशासन में सफलता प्रत्येक नागरिक, सभ्य समाज, सरकार और निजी क्षेत्र के लिए निष्पक्षता सुनिश्चित करने से मिलती है। प्रभावशाली लोक प्रशासन के लिए एक मजबूत मूल्य प्रणाली अनिवार्य है। प्रत्येक देश मानव संसाधन और पूंजी को आकर्षित करने के लिए नियंत्रण प्रतिस्पर्धा में है। मूल्य प्रणाली नीतियां न्यायसंगतता और समानता, पारदर्शिता और ईमानदारी, भाई-भतीजावाद से बचने, अनुबंधों का अनुसरण करने और अपने कर्तव्यों को समय से पूरा करने पर आधारित होती है। इधर, देश में धर्म और जाति की राजनीति अपने पूरे उफान पर है। कोई राजनीतिक दल धर्म व सम्प्रदाय के आधार पर ध्रुवीकरण चाहता है तो कोई जाति को सीढ़ी बनाकर सरकार में आने का जतन करता है। इस बीच लोकशाही का पिलर लगातार छीज रहा है। संवैधानिक संस्थाएं भी कमजोर हो रही हैं। दुर्भाग्य से संवैधानिक पदों पर बैठे लोग खुद इसके लिये सर्वाधिक जिम्मेदार हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

नगीना (चिंगारी)। एक विवाहिता की रविवार की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। मंडावर निवासी अब्दुल वहीद की पुत्री खुशनम (27 वर्ष) का विवाह कुछ समय पूर्व नगीना के मोहल्ला नूर सराय निवासी जाकिर के साथ हुआ था। रात विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। भाई नईम की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। सीओ राजेश कुमार सोलंकी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# बेटियां बेखौफ कब जिएंगी?

## निर्भया के 14 वर्ष बाद भी सुरक्षा तंत्र कटघरे में!



▶▶ प्रकाश पंकज, हल्दौर

**कानून कठोर हुए, व्यवस्थाएं बनीं, जीपीएस और सीसीटीवी से लेकर आपातकालीन सुरक्षा तक के मानक तय हुए, निर्भया कोष बना और नए दंड विधान लागू हुए-फिर भी यदि एक नाबालिग बेटी 47 किलोमीटर के सफर में सुरक्षित नहीं है, तो सवाल केवल अपराधियों से नहीं, उस पूरे तंत्र से है जिसे उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

47 किलोमीटर! एक पर्दों वाली स्लीपर बस, रात का अंधेरा, भारी बारिश और एक 16 वर्षीय छात्रा। यह दूरी अब केवल सड़क की दूरी नहीं रह गई है; यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही के बीच की दूरी का प्रतीक बन गई है।

4 अगस्त 2026 की रात 11वीं कक्षा की 16 वर्षीय छात्रा के साथ परी चौक से कश्मीरी गेट तक चलती स्लीपर बस में कथित सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया। दिल्ली पुलिस ने बस के चालक कुलदीप और परिचालक संदीप को गिरफ्तार किया है। बस को जब्त कर फोरेंसिक जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार छात्रा भारी बारिश और अंधेरे में रास्ता भटकने के बाद मदद की उम्मीद में बस में सवार हुई थी और करीब 47 किलोमीटर बाद कश्मीरी गेट के पास पुलिस से संपर्क किया। मामले की अंतिम सच्चाई जांच और न्यायिक प्रक्रिया से तय होगी। विभिन्न पुलिस बयानों में सामने आए अंतर की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। लेकिन एक बात पर जांच की रिपोर्ट का इंतजार नहीं किया जा सकता-सार्वजनिक परिवहन में बेटियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है?




### निर्भया के बाद हमने क्या सीखा था?

16 दिसंबर 2012 की निर्भया घटना ने पूरे देश की आत्मा को झकझोर दिया था। देश सड़कों पर उतरा। न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा समिति बनी। उसकी सिफारिशों के बाद 2013 में आपराधिक कानून में व्यापक संशोधन हुए। यौन उत्पीड़न, पीछा करना, चोरी-छिपे अश्लील निगरानी, तेजाब हमला और सामूहिक दुष्कर्म जैसे अपराधों के विरुद्ध कठोर प्रावधान किए गए। बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के लिए पॉक्सो कानून का विशेष ढांचा मौजूद था। सार्वजनिक परिवहन को सुरक्षित बनाने के लिए जीपीएस आधारित निगरानी, सीसीटीवी, आपातकालीन बटन और नियंत्रण-कक्ष जैसी व्यवस्थाओं पर जोर दिया गया। निर्भया कोष के माध्यम से सुरक्षा परियोजनाओं के लिए धन भी उपलब्ध कराया गया। अर्थात देश ने कानून बनाए, संसाधन लगाए और व्यवस्थाएं खड़ी कीं। फिर आज सवाल क्यों खड़ा है कि वे व्यवस्थाएँ उस बेटी के साथ कहाँ थीं? कानून की कठोरता तभी अर्थपूर्ण है, जब व्यवस्था की पकड़ मजबूत हो

1 जुलाई 2024 से भारतीय न्याय संहिता लागू है। गंभीर यौन अपराधों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। लेकिन अपराधी को कानून की धाराओं से अधिक उसके निश्चित क्रियान्वयन का भय होता है। एफआईआर के बाद गिरफ्तारी महत्वपूर्ण है, पर अपराध होने से पहले उसे रोकना उससे भी महत्वपूर्ण है। यदि बस में जीपीएस था-उसकी निगरानी कौन कर रहा था? यदि सीसीटीवी था-क्या वह सक्रिय था? यदि आपातकालीन बटन था-क्या वह काम कर रहा था? यदि चालक और परिचालक का सत्यापन हुआ था-उसकी नियमित समीक्षा किसने की? यदि मार्ग और परमिट के नियम थे-उनका पालन कौन देख रहा था? इन प्रश्नों के उत्तर प्रेस विज्ञप्ति से नहीं, दस्तावेजी जांच और जवाबदेही से मिलने चाहिए। हर बार बेटी ही सावधान क्यों रहे? हम बेटियों से कहते हैं-रात में अकेली मत निकलो। रास्ता सोचकर चुनो। किसी अजनबी से बात मत करो। अपनी लोकेशन साझा करो। जल्दी घर लौटो।

लेकिन व्यवस्था से कब कहेंगे-सड़क सुरक्षित करो, परिवहन सुरक्षित करो और ऐसा तंत्र बनाओ जिसमें बेटी को हर कदम पर डरकर न जीना पड़े? बेटी का अकेले यात्रा करना अपराध नहीं। रात में बाहर निकलना अपराध नहीं। सहायता के लिए किसी वाहन को रोकना अपराध नहीं। अपराध उस व्यक्ति का है, जो उसके भरोसे और परिस्थिति का दुरुपयोग करता है। और उसे रोकना राज्य की जिम्मेदारी है। बेटियों की स्वतंत्रता पर पहरा लगाना सुरक्षा नहीं है। सुरक्षा वह है जिसमें बेटी को अपने समय, अपनी शिक्षा, अपने काम और अपने भविष्य के चुनाव के लिए भय से समझौता न करना पड़े। अब सरकार को उपकरणों की संख्या नहीं, परिणाम बताने होंगे कितने सीसीटीवी लगाए गए-यह पर्याप्त उत्तर नहीं है।

कितने काम कर रहे हैं? कितने वाहन वास्तविक समय में निगरानी में हैं? कितने आपातकालीन संकेतों पर तत्काल कार्रवाई हुई? कितने चालक-परिचालकों का सत्यापन नियमित रूप से अद्यतन हुआ? कितने नियम तोड़ने वाले वाहनों के परमिट निलंबित या रद्द हुए? और सबसे महत्वपूर्ण-कितनी बेटियाँ आज पहले से अधिक सुरक्षित हैं? सुरक्षा का प्रमाण कैमरों और उपकरणों की संख्या नहीं, नागरिक के अनुभव में दिखाई देता है। अब संकल्प को परिणाम में बदलने का समय है निर्भया के बाद देश ने कहा था-अब बहुत हो चुका। 14 वर्ष बाद भी यदि किसी बेटी की सुरक्षा उसके भाग्य, उसके समय और उसके रास्ते पर निर्भर दिखाई देती है, तो हमें अपने उस संकल्प की ईमानदारी से समीक्षा करनी होगी। न्यायालय तय करेगा कि इस मामले में दोषी कौन है। लेकिन सरकार और प्रशासन को यह तय करना होगा कि ऐसी परिस्थितियाँ पैदा ही क्यों हुईं। क्योंकि कानून की किताब में बेटी सुरक्षित नहीं होती। उसे सड़क पर, बस में, विद्यालय में, कार्यस्थल पर और घर लौटते समय सुरक्षित होना चाहिए। बेटियाँ दया नहीं मांगतीं- वे निर्भय जीवन का अधिकार मांगती हैं। उन्हें यह भरोसा चाहिए कि जब वे घर से निकलेंगी तो राज्य उनके पीछे खड़ा है; कि सार्वजनिक परिवहन उनके लिए भय का साधन नहीं, स्वतंत्रता का माध्यम है; और कि उनकी सुरक्षा कोई उपकार नहीं, शासन का मूल दायित्व है। किसी बेटी का सुरक्षित घर पहुँचना उसकी किस्मत नहीं होना चाहिए। यह व्यवस्था की गारंटी होनी चाहिए। और जब तक यह गारंटी वास्तविकता नहीं बनती। कटघरे में केवल अपराधी नहीं, पूरी व्यवस्था खड़ी रहेगी।

# बिश्नोई समाज ने दीपक बिश्नोई का स्वागत किया

नगीना (चिंगारी)। बिश्नोई समाज की ओर से सोमवार को बिश्नोई मंदिर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक बिश्नोई का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि दीपक बिश्नोई के बार एसोसिएशन अध्यक्ष बनने से समाज का गौरव बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह अधिवक्ताओं के हितों के साथ-साथ समाज के लोगों की समस्याओं के समाधान में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रमुख ट्रांसपोर्टर रोहिताश बिश्नोई की अध्यक्षता व डॉ.बालेश बिश्नोई के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में दिनेश थापन एड., राकेश थापन, गौरव बिश्नोई, संगीता बिश्नोई, सुनील बिश्नोई, अंकुश बिश्नोई, सभासद बृजमोहन बिश्नोई, संजय विश्नोई, शरद थापन आदि मौजूद रहे।



# नाले में आये उफान में दो किलोमीटर तक बही कार, युवक-युवती की मौत

## रातभर एसडीआरएफ ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**देहरादून ( चिंगारी )।** देहरादून में भारी बारिश के बीच बरसाती खाले में आए तेज उफान ने एक कार को अपनी चपेट में ले लिया। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के लोअर कंडोली, पौधा रोड स्थित कंडोली पुल के पास देर रात हुए इस हादसे में कार सवार एक युवक और एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवती घायल अवस्था में सुरक्षित बच गई। तेज बहाव कार को घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर तक बहाकर ले गया। सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने रातभर सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाकर तीनों कार सवारों को तलाशा।

जानकारी के अनुसार, देर रात प्रेमनगर थाना क्षेत्र के लोअर कंडोली में कंडोली पुल के पास क्रेटा कार बरसाती पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गई। बताया गया कि भारी बारिश के कारण सड़क के रपटे पर



अचानक बरसाती पानी का बहाव बढ़ गया। इसी दौरान कार वहां से गुजर रही थी और तेज पानी के बहाव में अनियंत्रित होकर बरसाती खाले में जा गिरी।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ डाकपत्थर की टीम अपर उपनिरीक्षक सुरेश तोमर के नेतृत्व में तत्काल मौके पर पहुंची। रात के अंधेरे और प्रतिकूल मौसम के बीच जवानों ने सर्च अभियान शुरू किया। टीम ने घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर सहज पुत्री गुलशन बवेजा को घायल अवस्था में बरामद किया। एसडीआरएफ ने उसे सुरक्षित बाहर निकालकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

सर्च अभियान के दौरान कार में सवार अक्षय पुत्र मुकेश, उम्र 20 वर्ष, निवासी जयपुर, राजस्थान का शव भी बरामद किया गया। इसके अलावा एक अन्य युवती का शव भी बरामद हुआ। दोनों शवों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। तेज बारिश और खाले में लगातार बढ़ते पानी के बावजूद एसडीआरएफ के जवानों ने पूरी रात सर्च अभियान जारी रखा। टीम ने घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र के साथ ही पानी के बहाव की दिशा में भी तलाश की। कई घंटे की मशक्कत के बाद कार सवारों का पता लगाया जा सका।

# उत्तर प्रदेश के 61 बेसिक शिक्षकों को मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार

## बिजनौर से रचना कपूर होंगी सम्मानित



बिजनौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश शासन के उपसचिव शंभू प्रसाद ने राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 61 शिक्षक- शिक्षिकाओं की सूची सोमवार को जारी कर दी है। इनमें प्रत्येक जनपद से एक शिक्षक- शिक्षिका को राज्य पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

उपसचिव शासन द्वारा जारी पत्र के अनुसार बिजनौर जनपद के हल्दौर विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नंगली छोइया की सहायक अध्यापिका श्रीमती रचना कपूर को राज्य पुरस्कार के लिए चयनित घोषित किया गया है। अमरोहा जनपद के गजरौला विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय चौबारा की सहायक अध्यापिका श्रीमती गीता वर्मा, मुरादाबाद जिले के विकास खण्ड भगतपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसिवा गौड़ की सहायक अध्यापिका श्रीमती सुनीता रानी, रामपुर जनपद के नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर की प्रधानाध्यापिका वैलेनटीना विक्टर और सम्भल जनपद के विकास खण्ड गन्नौर के कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर के प्रधानाध्यापक श्री बृजकिशोर को राज्य पुरस्कार के लिए चयनित घोषित किया गया है। राज्य पुरस्कार के लिए चयनित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।




# जमियत उलमा-ए-हिन्द धामपुर के सौजन्य से 14 दिवसीय सीरत-ए-तैयबा कार्यक्रम का समापन



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की विभिन्न मस्जिदों में आयोजित 14 दिवसीय सीरत-ए-तैय्यबा कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पैगंबर हज़रत मुहम्मद के जीवन और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर मोहल्ला बंदूकचियान स्थित मरकज़ वाली मस्जिद में विशाल जलसे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मौलाना आदम मुस्तफ़ा फ़िरोज़ाबादी ने संबोधन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ़्ती इफ्तिख़ारुल हसन ने की तथा संचालन मौलाना मोहम्मद असलम क़ासमी ने किया। कुरआन पाक की तिलावत मौलाना मोहम्मद आसिम ने की, जबकि नात-ए-पाक क़ारी नूर आलम ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मौलाना मोहम्मद असलम ने कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मौलाना आदम मुस्तफ़ा ने अल्लाह के एक होने और उसकी अनगिनत नेमतों का उल्लेख करते हुए कहा कि अल्लाह ने इंसान को चाँद, सूरज, प्रकाश, पानी, अन्न आदि असंख्य नेमतें प्रदान की हैं, लेकिन कभी किसी पर एहसान नहीं जताया। उन्होंने कहा कि अल्लाह अपने बंदों से अत्यंत प्रेम करता है। पैगंबर हज़रत मुहम्मद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पूरी सृष्टि उनकी महानता को पहचानती है। यहां तक कि पशु-पक्षी भी उनकी महानता से परिचित थे। उन्होंने कहा कि पैगंबर की शिक्षाओं पर अमल करके मनुष्य दोनों लोकों में सफलता और सम्मान प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय उलेमा-ए-किराम की विशेष मेहनत और सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर धामपुर तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विशेष रूप से मुफ़्ती मोहम्मद क़मर, मुफ़्ती मोहम्मद दानिश, मुफ़्ती मोहम्मद ख़ालिद, मौलाना फ़ैज़ान नदवी, मौलाना मोहम्मद एहतेशाम, मौलाना मोहम्मद शुऐब, हाजी फ़ैज़ुल हसन, मुफ़्ती मोहम्मद रैहान, क़ारी नौशाद आलम, ग़यूर अली ख़ान, डॉ. कमाल अहमद, मौलाना मोहम्मद सुहैल, हाफ़िज़ रफ़ीक़ अहमद, मौलाना मरग़ूबुर्रहमान, मौलाना मोहम्मद नाज़िर, मुफ़्ती मोहम्मद आदिल, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुफ़्ती मोहम्मद ख़ालिद, मौलाना मोहम्मद फ़ैज़ान नदवी और मुफ़्ती मोहम्मद दानिश आदि का विशेष योगदान रहा। मौलाना आदम मुस्तफ़ा की दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## लापरवाही पर दरोगा व चार पुलिकर्मियों के निलम्बन की सराहना

नजीबाबाद (चिंगारी)। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा तिसोतरा में महिला के घर के बाहर फायरिंग के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गुरुग्राम गई पुलिस टीम में शामिल एक दरोगा व चार सिपाहियों का लापरवाही पर निलंबन की कार्रवाई को अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने सराहनीय कदम बताया है। शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि पुलिस का काम कानून की रक्षा करना है। कानून की प्रक्रिया का पालन करना पुलिसकर्मियों के लिए भी उतना ही जरूरी है जितना आम नागरिक के लिए। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए बिना दूसरे राज्य में कार्रवाई करने जैसी लापरवाही पर कार्रवाई होना पुलिस विभाग में जवाबदेही व अनुशासन का मजबूत संदेश है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसी कार्रवाई को पुलिस का मनोबल गिराने वाला कदम बता सकते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि ईमानदार, तेज-तर्रार व निष्पक्ष पुलिस नेतृत्व ही विभाग का मनोबल मजबूत करता है। अच्छे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मान तथा लापरवाही करने वालों को नियमानुसार कार्रवाई यही सुशासन की पहचान है।

# अवैध होर्डिंग्स व अतिक्रमण के विरुद्ध नगर पालिका ने चलाया अभियान, दर्जनों होर्डिंग्स किए गए जब्त




**किरतपुर (चिंगारी)।** कल नगर क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद किरतपुर द्वारा रविवार और सोमवार को सघन अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के दिशा-निर्देशानुसार गठित टीम ने नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर कार्यवाही करते हुए बिना अनुमति लगाए गए दर्जनों अवैध होर्डिंग्स, बोर्ड और बैनर उतरवाकर जब्त किए।

यह अभियान टीम प्रभारी ज्ञानेश्वरानन्द के नेतृत्व में पालिका टीम द्वारा शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया। शहर के मुख्य बाजारों, चौराहों और मुख्य सड़कों पर लगे अवैध प्रचार बोर्डों के कारण आवागमन बाधित हो रहा था तथा यातायात संचालन में रुकावट आ रही थी। पालिका टीम ने प्राथमिकता के आधार पर ऐसे सभी स्थलों से अवैध सामग्री को हटाया।

टीम प्रभारी ज्ञानेश्वरानन्द ने बताया कि अधिशासी अधिकारी के निर्देशों के क्रम में यह कार्रवाई लगातार दो दिन तक चलाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका क्षेत्र में बिना विधिवत अनुमति के किसी भी प्रकार का विज्ञापन बोर्ड, होर्डिंग या बैनर लगाना प्रतिबंधित है।

## बिना अनुमति होर्डिंग लगाने पर होगी विधिक कार्रवाई

नगर पालिका प्रशासन ने स्थानीय दुकानदारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और प्रचार एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक संपत्तियों, खंभों और मुख्य मार्गों पर अनाधिकृत रूप से होर्डिंग्स न लगाएं। भविष्य में नियम उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार अर्थदंड (जुर्माना) अधिरोपित कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान टीम प्रभारी श्री ज्ञानेश्वरानन्द के साथ नगर पालिका के संबंधित कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहे।

# किसानों ने की गन्ने का मूल्य 700 रुपये क्विंटल करने की मांग

## भारतीय किसान यूनियन (सरपंच) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



नगीना में एसडीएम प्रिंस कुमार के सामने अपनी समस्याएं रखते किसान।

**नगीना (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (सरपंच) के किसानों ने आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य 700 रुपये प्रति क्विंटल घोषित कराने की मांग की गई।

संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर अरुण कुमार के नेतृत्व में किसानों ने विभिन्न समस्याओं के निस्तारण क के लिए एसडीएम प्रिंस कुमार को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि तहसील में दाखिल-खारिज, पैमाइश और फर्द-दुरुस्ती आदि कार्यों में किसानों को अनावश्यक परेशानी और देरी का सामना करना पड़ता है। किसान बालेश शर्मा के राजस्व अभिलेखों से गायब भूमि की निष्पक्ष जांच कराकर रिकॉर्ड दुरुस्त कराने की मांग की गई। किसानों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नदियों पर पक्के पुलों का जल्द निर्माण कराने की भी मांग उठाई।

ज्ञापन में गांव रतनपुर में जर्जर और नीचे लटके बिजली के तारों को तत्काल बदलवाने, गांव खतुपुरा के मंदिर परिसर और मुख्य रास्ते पर जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की गई। इस अवसर पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विशाल बाल्यान, राष्ट्रीय महासचिव चंद्रपाल सिंह गहलौत, युवा प्रदेश अध्यक्ष लवी चौधरी, फरहान, हसीन अली, बालेस शर्मा, अखिलेश चौहान, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी कपिल देशवाल, जिला उपाध्यक्ष काविंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 'ग्रैंड पेरेंट्स डे'




**हल्दौर (चिंगारी)।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल हल्दौर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ 'ग्रैंड पेरेंट्स डे' (दादा-दादी दिवस) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के दादा-दादी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और ईश्वर वंदना के साथ हुआ। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने विशेष रूप से दादा-दादी के प्रति अपना प्यार और सम्मान व्यक्त करने के लिए सुंदर नृत्य, गीत और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। बच्चों की इन प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित बुजुर्ग भावुक हो उठे और उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए स्कूल के शिक्षकों की ओर से दादा-दादी के लिए विशेष खेलों का आयोजन किया गया। साथ ही उनसे मजेदार और दिमागी पहेलियां पूछी गईं, जिनमें बुजुर्गों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी तीक्ष्ण बुद्धि का परिचय दिया। खेलों के विजेताओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। दादा-दादी ने रैंपवॉक में भी हिस्सा लिया, कुछ दादा-दादी ने अपने नन्हे-मुन्नों के साथ गाना गाया और कुछ ने डांस किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने सभी ग्रैंड पेरेंट्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं और बच्चों के जीवन में उनका मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर फिलवी ने भी दादा-दादी का दिल से धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अपने पोते-पोतियों के साथ बिताए इन यादगार पलों के लिए सभी बुजुर्गों ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों का हृदय से धन्यवाद किया।

# ब्याज की छूट का लाभ उठाने को 413 ने किया आवेदन

## नगर निगम की एक मुश्त समाधान योजना के लिए 14 नवंबर तक लिए जायेंगे आवेदन

**सहारनपुर (चिंगारी)।** गृहकर, जलकर व सीवरकर बकाया पर ब्याज से छूट पाने के लिए नगर निगम की एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने के लिए अभी तक मात्र 413 भवन स्वामियों ने आवेदन किया है। 47 भवन स्वामियों ने अपना बकाया जमा कराते हुए छूट का लाभ उठाया है। जोन-2 में वार्ड 23 किशनपुरा के 40 भवनों का एक साथ कुल बकाया दो लाख, 23 हजार 880 रुपये जमा किया गया।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देश पर गत 15 अगस्त से शुरु की गयी एक मुश्त समाधान योजना का भवन स्वामी अधिक से अधिक लाभ उठा सके, इसके लिए नगरायुक्त के निर्देश पर राजस्व टीमें घर-घर जाकर लोगों को बकाया टैक्स जमा कराने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए अभी तक 413 भवन स्वामियों ने आवेदन किया है। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभी तक कुल 47 भवन स्वामियों ने अपना बकाया जमा कराते हुए ब्याज की छूट का लाभ उठाया है। इन 47 लाभार्थियों में से 41 लोगों ने आज ही धनराशि जमा करायी है। उन्होंने टैक्स बकायादारों से योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि 15 अगस्त से शुरु की गयी यह योजना 15 दिसंबर 2026 तक जारी रहेगी, लेकिन योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन 14 नवंबर तक ही स्वीकार किये जायेंगे। कर अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान वर्ष की टैक्स डिमांड पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ 30 सितंबर तक देय है। उन्होंने बकायेदारों से अपील की कि वे शीघ्रातिशीघ्र टैक्स जमा कराकर 20 प्रतिशत का लाभ उठाएं।



# मंडावर में होटल पर खाने के पैसे को लेकर बवाल

## जीएसटी अधिकारी बताने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा


**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर के मेन बस स्टैंड स्थित एक होटल पर सोमवार देर शाम खाने के पैसे को लेकर होटल संचालक और कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। होटल संचालक ने युवकों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। होटल संचालक नासिर उर्फ काला पुत्र नाजिम कुरैशी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि देर शाम उत्तर प्रदेश सरकार लिखी गाड़ी संख्या UP20 CZ 4208 होटल पर आकर रुकी। गाड़ी में सवार कुछ युवक होटल में खाना खाने पहुंचे। खाना खाने के बाद जब उनसे भुगतान करने को कहा गया तो युवकों ने पैसे देने से इनकार कर दिया और खुद को जीएसटी विभाग से संबंधित बताते हुए नियमों का हवाला देने लगे। आरोप है कि इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और उसके बाद गाली-गलौज व मारपीट की स्थिति बन गई। होटल संचालक का कहना है कि घटना के दौरान चार युवक मौके से चले गए। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी सहित पीयूष कुमार व प्रवेश कुमार, निवासी बिजनौर को थाने ले गई।



कार्यवाहक थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि होटल में खाने के पैसे को लेकर होटल संचालक और कुछ युवकों के बीच कहासुनी हुई थी। दोनों युवकों द्वारा खुद को जीएसटी विभाग से संबंधित बताए जाने की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं बिजनौर जीएसटी विभाग के डी.सी. संजय सिंह ने बताया कि इस प्रकरण की उन्हें जानकारी नहीं है, अलबत्ता पीयूष कुमार जीएसटी विभाग में कार्यरत हैं। अगर वो इस प्रकरण में शामिल हैं तो विभाग द्वारा जांच कर कार्यवाही कराएंगे।




## बिजनौर में नेत्र चिकित्सा शिविर कल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय सर्राफा व्यवसायी रघुनाथ प्रसाद-वीरेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा प्रत्येक माह लगाये जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रृंखला में इस बार 2 सितम्बर को लगाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र कुमार व विकास अग्रवाल के अनुसार शिविर प्रात: 9 बजे से शुरू हो जायेगा। नूरपुर रोड स्थित अग्रवाल भवन पर लगने वाला यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के कुशल चिकित्सकों की देखरेख में आयोजित किया जायेगा। मोतियाबिंद का आप्रेशन कराने वाले मरीज अपने साथ अपना आधार कार्ड अवश्य लायें।

# बिजनौर में फिर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

## विरोध करने पर दो व्यापारी भाइयों का चालान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर को जाम से निजात दिलाने व यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस, नगर पालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। नगर पालिका चौराहे से बुल्ला के चौराहे तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया गया। इस दौरान अभियान का विरोध करने वाले दो व्यापारी भाइयों और एक नाबालिग को पुलिस थाने ले गई। बाद में पुलिस ने नाबालिग को चेतावनी देकर छोड़ दिया, जबकि व्यापारी भाइयों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

सोमवार को मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर नगरीय क्षेत्रों को जाम मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया गया। एसडीएम सदर स्मृति मिश्रा और सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय की मौजूदगी में टीम ने कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकान बढ़ाकर किए गए कब्जे और अन्य अवैध अतिक्रमण जेसीबी से हटाए गए। इस दौरान दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा। बुल्ला के चौराहे पर दो व्यापारी भाइयों शारिक व इकबाल पुत्रगण फुरकान ने अभियान का ये कहते हुए विरोध किया कि बड़े लोगों द्वारा किये गये अतिक्रमण पर कभी प्रशासन का बुलडोजर नहीं चलता। हर बार गरीब ही इसका शिकार होते हैं। व्यापारी भाइयों पर टीम के साथ अभद्रता करने का भी आरोप था। पुलिस ने दोनों भाइयों को हिरासत में लिया और बाद में उनका शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

# पुलिस ने 30 बाइकों से उतरवाये मॉडिफाइड साइलेंसर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने तीन दिवसीय अभियान चलाया। अभियान में काली फिल्म, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर, बिना हेलमेट और तीन सवारी वाले वाहनों को निशाना बनाया गया। चैकिंग के दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने और यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन करने पर 18 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। पुलिस ने 1421 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की।

सोमवार को चले अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन चैकिंग की गई। पुलिस ने तेज आवाज और पटाखे जैसी आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगे 62 वाहनों के चालान किए। इनमें 30 बुलेट मोटरसाइकिलों के मॉडिफाइड साइलेंसर मौके पर ही उतरवाकर यातायात कार्यालय में जमा करा दिए गए। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 350 चालकों के चालान किए गए। वहीं बाइक पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले 112 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वाहनों पर काली फिल्म लगाने वाले 10 चालकों को भी नहीं बख्शा गया और मौके पर ही काली फिल्म उतरवाई गई। यातायात प्रभारी रवि नैन ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने वाहन चालकों से दोपहिया चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने की अपील की है। साथ ही वाहनों में प्रेशर हॉर्न, हूटर और मॉडिफाइड साइलेंसर जैसे अवैध बदलाव न कराने की चेतावनी दी है। आम लोगों और राहगीरों को परेशान करने तथा अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न और हूटर लगे 20 वाहनों के खिलाफ सख्त चालान की कार्रवाई की गई।



## 1421 वाहनों के खिलाफ की कार्रवाई

# नियोफ्यूजन क्रिएटिव फाउंडेशन का जज़्बा 2026 : प्रतिभा, कला और सपनों का उत्सव

## काका हाथरसी पुरस्कारों से शिक्षा, प्रेरणा और शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का सम्मान

## 'अनकही' नाटक और 'रंगोत्सव 2026' रहे समारोह के प्रमुख आकर्षण

**गुरुग्राम (चिंगारी)। शिक्षा, कला और विभिन्न अवसरों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही नियोफ्यूजन क्रिएटिव फाउंडेशन ने अपना वार्षिक समारोह 'जज़्बा 2026-सपनों को हकीकत में बदलना' एक्सेल्सियर अमेरिकन स्कूल सभागार, सेक्टर 43, गुरुग्राम में आयोजित किया।**

इस मौके पर नियोफ्यूजन के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुनील गोयल, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी, सोपरा स्टेरिया इंडिया; विशिष्ट अतिथि श्री आकाशदीप नारंग, संस्थापक, वैदिक सिटी, विशिष्ट अतिथि सुश्री सुप्रीति नारंग, विशेष अतिथि श्री बलराज अडहाना, शिक्षाविद एवं शैक्षणिक विशेषज्ञ, नियोफ्यूजन के सलाहकार, डॉ. रवि के. धर, श्री के.एस. पाबला, डॉ. गिरिराज शरण अग्रवाल, श्री अंकुर गोयल, श्रीमती गीतिका गोयल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रियंका, रेशमा और पायल द्वारा प्रस्तुत गणेश स्तुति से हुई।





इसके बाद नियोफ्यूजन की यात्रा और उसके कार्यों पर संस्थापक डॉ. अनुभूति ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पद्मश्री काका हाथरसी के जीवन और उनकी विरासत पर विशेष प्रस्तुति भी दी गई।

### काका हाथरसी पुरस्कार प्रदान किये

जज़्बा 2026 का एक प्रमुख आकर्षण काका हाथरसी पुरस्कार रहा। इन पुरस्कारों के माध्यम से शिक्षा, प्रेरणा और शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। काका हाथरसी शिक्षा पुरस्कार सिद्धांत सिंह, बिजनौर को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए प्रदान किया गया।

काका हाथरसी प्रेरणा पुरस्कार कृतिका साहू, जयपुर को उनकी प्रेरणादायक यात्रा और उपलब्धियों के लिए दिया गया। काका हाथरसी शिक्षक पुरस्कार श्रीमती करुणा सिंह, बिजनौर को शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण और विद्यार्थियों के विकास में योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### 'अनकही' ने छुआ दर्शकों का दिल

समारोह का मुख्य आकर्षण नियोफ्यूजन के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'अनकही' नाटक रहा। नाटक में रंगमंच, संगीत, नृत्य और कहानी के माध्यम से उन भावनाओं और बातों को सामने लाने का प्रयास किया गया, जिन्हें अक्सर लोग कह नहीं पाते। 'अनकही' का निर्देशन पंकज गुप्ता ने किया। नृत्य निर्देशन अविनाश, संगीत ओम सिंह, प्रकाश व्यवस्था पवन और रूप-सज्जा श्री प्रेम जी ने संभाली।

### रंगोत्सव 2026 में दिखी बच्चों की कल्पना

नाटक के साथ 'रंगोत्सव 2026' चित्रकला प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इसमें नियोफ्यूजन के विद्यार्थियों ने अपनी बनाई हुई चित्रकृतियां प्रदर्शित कीं। कला मार्गदर्शक सुश्री सुदीक्षा और उनकी टीम के मार्गदर्शन में तैयार इन चित्रों में बच्चों की कल्पना, भावनाएं और उनके सपने दिखाई दिए। प्रदर्शनी ने यह संदेश दिया कि कला बच्चों के लिए केवल एक हुनर नहीं, बल्कि अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम भी है।

# किसान-मज़दूर का सम्मान, सशक्त भारत की पहचान- प्रिंस चौधरी



**बिजनौर (चिंगारी)।** युवा भाजपा नेता प्रिंस चौधरी ने कल बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के आदमपुर मंडल के अंतर्गत ग्राम पेदा और झलरी किसान-मज़दूर चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों से संवाद किया।

इस अवसर पर उन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विशेष रूप से किसान एवं मजदूरों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन एवं सशक्तिकरण के विषय में जानकारी साझा की।



साथ ही माताओं एवं बहनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने सम्मान स्वागत से अभिभूत प्रिंस चौधरी ने ग्रामवासियों द्वारा प्राप्त आत्मीय स्वागत, सम्मान एवं अमूल्य आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सतेंद्र सिंह, विनीत कुमार, शीशराम सिंह, योगेंद्र कुमार, विकास कुमार, अजय पाल, मेहर सिंह, सूरज सिंह, ध्यान सिंह, देव सिंह, मनु चौधरी, मानव, वंश चौधरी, सूरज भारद्वाज, अरुण धीमान, सचिन भारद्वाज, तेजपाल सिंह, राहुल सिंह, धर्मवीर सिंह, सुखवीर सिंह, उत्तम, शिव कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णुपथ, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं दिनेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# विदुर कुटी घाट पर हुई 210वीं गंगा आरती



**छाछरी मोड़ (चिंगारी)।** श्री विदुर कुटी गंगा घाट पर गंगा समग्र संगठन के द्वारा श्री मां गंगा जी की 210वीं गंगा आरती का आयोजन प्रमुख छकेंद्र शर्मा के द्वारा विधि विधान से संपन्न किया गया। गंगा जी की आरती में मुख्य यजमान मूलचंद सिंह पत्रकार मीडिया प्रभारी गंगा सामग्र संगठन परिवार रहे। इस अवसर पर गंगा समग्र संगठन के प्रभाग संयोजक बृजपाल सिंह ने गंगा जी को साफ सुथरा और प्रदूषणमुक्त बनाने का सभी से सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पालक देवेश चौधरी, प्रमुख लाला कौशल अग्रवाल, सविता अग्रवाल, सोपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, हरवीर सिंह, ओमप्रकाश, कृष्णा सहरावत, शिवम, राजकुमारी कमलेश देवी, सूरज सिंह, वेदपाल सिंह आदि गंगा भक्तों ने आरती में भाग लिया। आरती के बाद में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सेवानिवृत्त होने पर टीकम सिंह सेंगर को सम्मानित किया




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला संयुक्त चिकित्सालय बिजनौर संबंद्ध महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बिजनौर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्री टीकम सिंह सेंगर नेत्र परीक्षण अधिकारी को उनके सेवानिवृत होने पर माल्यार्पण व बुके देकर कर स्वागत किया गया। इस अवसर प्रधानाचार्या डॉ. ललिता चौधरी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. बी.आर. त्यागी द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जनपद बिजनौर की ओर से टीकम सिंह सेंगर अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा उनके संगठनात्मक व सामाजिक गतिविधियों की प्रसंशा करते हुए कहा कि वह जितना अपने कार्य को गंभीरता व लगन से करते थे, उतना ही संगठन व सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय होकर प्रतिभाग करते हैं। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों के अतिरिक्त टीकम सिंह सेंगर के पारिवारिक जन, रेडक्रास सोसायटी के डायरेक्टर योगेन्द्रपाल सिंह योगी, डा. विशाल, रोबिन सिंह, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे। वक्ताओं द्वारा उनके समस्त परिवार के सुखमय जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की गईं। टीकम सिंह सेंगर द्वारा सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# गौकशों पर कार्रवाई कराने को थाने पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता

नजीबाबाद (चिंगारी)। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नजीबाबाद की कछियाना बस्ती में फिर हुई गौकशी की घटना की सूचना मिलते ही थाने पहुंचकर रोष जताते हुए थाना प्रभारी से मिलकर गौकशी के सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराकर सख्त कार्रवाई की मांग की। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कछियाना बस्ती में गौकशी की घटना को बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण बताया। बजरंग दल के सभी कार्यकर्ताओं ने पुलिस से इस घटना का जल्दी से जल्दी खुलासा कराने की मांग की। बजरंग दल जिला सुरक्षा प्रमुख बिजनौर अभिषेक त्यागी ने बताया कि बजरंग दल जल्द ही गौवंश को आवरा छोड़ने वालों के खिलाफ पूरे जिले में एक अभियान चलाएगा। सड़कों पर घूमने वाले गोवंश को गौशाला पहुंचाने का काम करेगा। इस मौके पर



मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला संयोजक बजरंग दल अरुण चौधरी, जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी, नगर संयोजक ओमकार कैशले, प्रखंड संयोजक पीयूष, गौरक्षा प्रमुख रुद्र कुशवाहा, प्रफुल्ल वशिष्ठ, अरविन्द कुमार, प्रत्युष व काफी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फिल्म कलाकार सतीश सेंगर की एक और फिल्म 'संस्कार' की शूटिंग



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद निवासी प्रसिद्ध फिल्म कलाकार सतीश सेंगर लगातार फिल्म बनाकर लोगों के दिलों पर छाए हुए हैं। जल्दी ही उनकी एक और पारिवारिक फिल्म के धूम मचाने की संभावना है। उन्होंने चांदपुर के गुलशन सिंह मेमोरियल कालेज ऑफ लॉ में संस्कार नाम से एक फिल्म की शूटिंग शुरू की है। यह फिल्म ऑनली स्टार फिल्म्स के बैनर तले बन रही है। यह फिल्म संस्कारित है तथा इसमें परिवार में माता-पिता व बच्चों के बीच रिश्ते निभाने की सच्चाई दिखाई गई है। जिसके निर्माता शुभम् चौधरी व निर्देशक सतीश सैंगर है। इस फिल्म लेखन का कार्य असिस्टेंड डायरेक्टर मोहित शर्मा ने किया है। फिल्म में कैमरा मैन विक्रांत व मेकअप का काम सोनिया ने किया है। इस फिल्म में चांदपुर व अलावलपुर के प्रतिभाशाली युवा बुजुर्ग एवं बच्चों ने काफी अच्छा अभिनय किया है। जिसमें मुख्य किरदार मदन पाल सिंह, सतीश सैंगर, शुभम चैधरी, अर्जुन, सोनिया, डॉ. भूपेंद्र तोमर, जितेंद्र तोमर, बाल कलाकार अक्षय चौधरी, नैतिक तोमर, संभव तोमर निभा रहे है। इस फिल्म में चांदपुर व उसके आसपास के लोगों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। जिसमें जितेंद्र प्रधान, अमित कुमार, नरेंद्र सिंह यादव, हरपाल सिंह, तौफ़ीक, विजय पाल सिंह, सुनील कुमार, वीरेंद्र सिंह, मानवेंद्र, तरुण तोमर, रोहित कुमार, रवींद्र कुमार शर्मा प्रिंसिपल, वीरेंद्र शर्मा, ललित शर्मा, लोकेंद्र शर्मा मुख्य किरदार में है।

## भाजपा की प्रदेश मंत्री दीपामाला के दौरे से कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती दीपमाला संतोषी के दो दिवसीय दौरे में नजीबाबाद से कोटद्वार तक कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। नजीबाबाद में जनसुनवाई व प्रेस वार्ता के बाद उन्होंने मालन नदी की बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनकर नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद वह कोटद्वार स्थित श्री सिद्धबली धाम पहुंचीं, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। धाम में आयोजित भंडारे में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान प्रदेश मंत्री ने स्वयं हनुमान जी के चित्र वाला पटका पहनाकर अतिथियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। भंडारे में भारतीय किसान यूनियन प्रधान के जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ रामोद कुमार ने परिवार सहित पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पत्रकार रणवीर सिंह निराला, जिला मंत्री गायत्री देवी, नहटौर विधायक ओम कुमार, धामपुर विधायक अशोक राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, कान्हा कंणवाल सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## कछियाना में गोकशी के आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमें गठित

नजीबाबाद (चिंगारी)। कछियाना बस्ती में गोवंश के अवशेष मिलने के मामले में पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी हैं। सोमवार को सुबह कछियाना आबादी से सटे जंगल में गोवंश के अवशेष मिलने पर वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोवंश के अवशेष एकत्र कराकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना रात्रि के समय की प्रतीत हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# नूरपुर में चिकित्सा की नई किरण : एपैक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुई जटिल ACL सर्जरी

**नूरपुर (चिंगारी)**। चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए एपैक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मरीज वंदना की अत्यंत जटिल और दुर्लभ सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। 6 महीने से घुटने के असहनीय दर्द से जूझ रही मरीज वंदना को अब इस परेशानी से पूरी तरह मुक्ति मिल गई है।

### 6 महीने का संघर्ष और सही इलाज की तलाश

मरीज वंदना के बाएं घुटने का एसीएल (Anterior Cruciate Ligament) टूट गया था, जिसके कारण वे पिछले छह महीनों से चलने-फिरने में असमर्थ थीं और तीव्र दर्द का सामना कर रही थीं। उन्होंने धामपुर और अन्य कई वरिष्ठ चिकित्सकों से परामर्श लिया और इलाज कराया, लेकिन कोई संतोषजनक परिणाम नहीं मिला। दर्द और हताशा के बीच वे एपैक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नूरपुर पहुंचीं, जहां उन्हें सही निदान और उपचार की उम्मीद जगी।

### डॉ. नितिन गोयल के संरक्षण में विशेषज्ञ टीम का कमाल

अस्पताल के वरिष्ठ और अनुभवी



चिकित्सक डॉ. नितिन गोयल के कुशल संरक्षण और मार्गदर्शन में डॉ. अतुल यादव, डॉ. जुनैद अहमद एवं उनकी विशेषज्ञ टीम ने इस चुनौती को स्वीकार किया। मरीज की विस्तृत जांच के बाद, टीम ने आधुनिक आर्थोस्कोपिक (दूरबीन विधि) द्वारा सर्जरी करने का निर्णय लिया। इस दौरान पूरी प्रक्रिया में डॉ. नसीम उद्दीन, डॉ. शाहिस्ता, डॉ. अमन वर्मा, मैनेजर प्रिंस यादव एवं देवांग शर्मा आदि प्रमुख रूप से सहयोगी के रूप में मौजूद रहे।

### जटिल आर्थोस्कोपिक सर्जरी : कम समय में बेहतर परिणाम

आर्थोस्कोपिक विधि एक उन्नत सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें बहुत छोटे चीरे के माध्यम से जॉइंट के अंदर दूरबीन डालकर रिपेयर किया जाता है। डॉ. अतुल यादव और डॉ. जुनैद अहमद के नेतृत्व में पूरी टीम ने मरीज वंदना के बाएं घुटने का एसीएल रिपेयर (ACL Repair) अत्यंत सटीकता के साथ किया। यह एक जटिल सर्जरी थी, जिसमें टीम की विशेषज्ञता और अत्याधुनिक उपकरणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मरीज अब स्वस्थ और रिकवरी की ओर

सफल ऑपरेशन के बाद मरीज वंदना अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनकी रिकवरी तेजी से हो रही है। इस सफल सर्जरी ने न केवल मरीज को दर्द से राहत दी है, बल्कि उन्हें फिर से सामान्य जीवन जीने की उम्मीद भी जगाई है। जल्द ही वे अपनी दैनिक गतिविधियों में वापस लौट सकेंगी।

### क्या होता है ACL

डॉ. अतुल यादव हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ ने बताया की ACL हमारे घुटने का सबसे प्रमुख लिगामेंट होता है जो हमारे पैर को आगे की तरफ़ भागने से रोकता है कई बार चोट लगने पर या पैर मुड़ने पर या और कई कारणों से ये धागा टूट जाता है, जिसका ऑपरेशन द्वारा धागा बदलना ही एकमात्र उपाय है। दूरबीन द्वारा बहुत की कम चीरे से ये सर्जरी की गई है। पहले मरीज़ों को इस ऑपरेशन के लिए मेरठ , दिल्ली या ऋषिकेश भागना पड़ता था, पर ये सुविधा नूरपुर अपैक्स हॉस्पिटल में ही शुरू हो गई है, जिससे मरीजों को इधर-उधर की भागदौड़ से छुटकारा मिल जाएगा।

### एपैक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र

**अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि एपैक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जटिल से जटिल बीमारियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं और अनुभवी सर्जनों की टीम से लैस है। डॉ. नितिन गोयल, डॉ. अतुल यादव और डॉ. जुनैद अहमद जैसे विशेषज्ञों की उपस्थिति में, अस्पताल नूरपुर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है।**

# ठगी के लिये धारण किया नागा साधु का भेष, दर्ज होगा गैंगस्टर का केस



## मृत्यु का भय दिखाकर करते थे ठगी, दो गिरफ्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** नागा साधु का भेष धारण कर पुलिस ने आभूषण हड़पने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दंपति से ठगी गईं दो सोने की अंगूठियां, चेन, मंगलसूत्र और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी केके बिश्नोई ने बताया कि पौड़ी गढ़वाल निवासी केशव भट्ट ने 29 अगस्त को नजीबाबाद थाने में तहरीर देकर बताया था कि वह गाड़ी से अपनी पत्नी के साथ जा रहा था कि नजीबाबाद क्षेत्र में कोटद्वार बाईपास पर एक व्यक्ति नागा साधु के भेष में गाड़ी के आगे आये और पानी मांगने लगा। उसके एक अन्य साथी ने साधु के भेष का फायदा उठाते हुए उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र और चेन हड़प ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

एसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान फोटो, वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर एक एडवांस सॉफ्टवेयर के माध्यम से हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र स्थित घोसीपुरा सपेरा बस्ती निवासी जहांगीर पुत्र बाबूनाथ और गुरविंदर पुत्र देवीदास के नाम प्रकाश में आए। नजीबाबाद पुलिस ने 30 अगस्त को दोनों आरोपियों को घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जहांगीर के कब्जे से एक अंगूठी और एक चेन बरामद हुई, जबकि गुरविंदर के पास से एक अंगूठी तथा पीली धातु व काले मोतियों का मंगलसूत्र मिला।

### नगीना में भी की थी वारदात


पूछताछ में जहांगीर ने बताया कि करीब छह माह पहले उसने अपने साथियों के साथ नगीना में काशीपुर रोड स्थित एक होटल के पास कार सवार व्यक्ति को धोखे में लेकर उसकी अंगूठियां हासिल की थीं। इनमें से एक अंगूठी उसके पास रह गई थी, जो पुलिस ने बरामद कर ली है। जहांगीर ने बताया कि वे लोगों को मृत्यु का भय दिखाकर उनसे ठगी करते हैं।

### जेवर बेचने आए थे बिजनौर

एसपी ने बताया कि पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी पूर्व में की गई घटनाओं से मिले जेवर और अन्य सामान बेचने के लिए बिजनौर आए थे। वे दोबारा आपराधिक घटना करने की फिराक में थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके परिवारों में आगामी दिनों में शादी होने के कारण उन्हें पैसों की जरूरत थी और इसी के चलते अपराध से प्राप्त सामान बेचने का प्रयास कर रहे थे।

### गैंगस्टर में किया जायेगा निरुद्ध

**एसपी ने बताया कि उक्त ठगों का पूरा गिरोह है। इस गिरोह के दो सदस्य तो नगीना थाने से वांछित हैं। अन्य सदस्यों को तलाश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गिरोह के सभी सदस्यों को खोजकर उन्हें गैंगस्टर में निरुद्ध किया जायेगा।**


धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com





## धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में नहीं बजने दिये जायेंगे लाउडस्पीकर- एसपी

बिजनौर (चिंगारी)। जनपद में अब किसी भी धार्मिक स्थल पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर नहीं बजेंगे। एसपी केके विश्नोई ने बताया कि कोर्ट व शासन के आदेशानुसार किसी भी धार्मिक स्थल पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर नहीं बजना चाहिए। पुलिस मुहिम चलाकर धार्मिक स्थलों के लाउडस्पीकरों की आवाज कम करायेगी। एसपी ने बताया कि धार्मिक स्थलों के लाउडस्पीकरों की आवाज का मानक निर्धारित है। किसी को भी निर्धारित आवाज से अधिक आवाज में लाउडस्पीकर नहीं बजाने दिया जायेगा। एसपी ने आह्वान किया कि धार्मिक स्थलों के जिम्मेदार लाउडस्पीकरों की आवाज कम कर पुलिस का सहयोग करें।

# कल नगीना में विरोध दर्ज करायेगा सवर्ण समाज

**नगीना (चिंगारी)।** जंतर-मंतर पर आंदोलन करने वाले लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई के विरोध में नगीना का सवर्ण समाज कल 2 सितंबर को गांधी मूर्ति पार्क पर एकत्र होकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपेगा।

अग्रवाल धर्मशाला में रविवार की शाम हुई सवर्ण समाज के लोगों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में स्वर्ण समाज जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है,भविष्य में ये और भयंकर रूप धारण कर सकता है। सरकार की दोहरी मानसिकता सवर्ण समाज के भविष्य को गर्त में धकेल रही है और हमारे नेता धृतराष्ट्र बनकर सब देख रहे हैं। यूजीसी के विरोध, आर्थिक आधार पर आरक्षण, जंतर-मंतर पर जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई उन्हें न्याय और अनुच्छेद 15 के अनुसार जंतर-मंतर पर सभी को सभा करने का अधिकार हो जैसी मांगों को लेकर 2 सितंबर बुधवार को 10:30 बजे गांधी मूर्ति नगीना पर एकत्र होकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम नगीना को देने का निर्णय लिया गया। बैठक में हिंदू इंटर कॉलेज सेवानिवृत्त प्रवक्ता यशपाल सिंह, डॉ. संदीप शर्मा, शीतल अग्रवाल, शरद अग्रवाल, सुनिल शर्मा, राजकुमार शर्मा, दर्शन त्रिपाठी, मोहित गोयल, डॉ. बालेश विश्नोई, राजन अग्रवाल, विशाल गुप्ता उर्फ मोनू गुप्ता, नीरज गुप्ता, अनूप कौशिक, नीतीश गर्ग, सभासद बृजमोहन उर्फ बल्ली, निशीथ गर्ग समेत स्वर्ण समाज के अनेक लोग रहे।


ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


# चीनी मिल गेट पर मनाई घसीटा सिंह की पुण्यतिथि



**हल्दौर (चिंगारी)।** सोमवार को बिलाई चीनी मिल गेट पर चौधरी घसीटा सिंह की 13वीं पुण्यतिथि को 'गौरव दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के किसानों की भारी संख्या में उपस्थिति रही, जिसने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बिलाई मिल गेट पर विधि-विधान से हवन के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित गणमान्य लोगों और किसानों ने चौधरी घसीटा सिंह की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। हवन और माल्यार्पण के उपरांत एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं और किसानों ने कहा कि गांव के सभी किसान मिल-जुलकर इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन करते हैं। चौधरी घसीटा सिंह के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हुए किसानों ने उनके द्वारा किसानों और मजदूरों के हितों में किए गए संघर्षों को याद किया। इस कार्यक्रम में मुनेंद्र सिंह काकरान, विनोद कुमार उर्फ बिट्टू, चौधरी महेंद्र सिंह प्रधान, राजेंद्र सिंह प्रधान, नरेश अध्यक्ष, सोनू चौधरी, पूर्व सांसद यशवीर धोबी, रचना पाल एवं राजेंद्र सिंह, अरुण चौधरी, विकास कुमार, हुकम सिंह, तेजपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के अन्य किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी किसानों द्वारा चौधरी घसीटा सिंह को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शपथ ली







**किरतपुर ( चिंगारी )।** एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर का शपथ ग्रहण समारोह नगर के एक होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन बिजनौर एडवोकेट मदनलाल अरोड़ा ने की, जबकि संचालन हसन अली चौधरी एडवोकेट एवं शहज़ाद अहमद एडवोकेट द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एस.के. बबली एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन बिजनौर रहे।

समारोह के दौरान एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करने की शपथ ली। वक्ताओं ने अधिवक्ताओं की एकता, संगठन की मजबूती तथा न्याय व्यवस्था में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारी एडवोकेट रवि मेहरा अध्यक्ष, एडवोकेट इमरान अल्वी महासचिव, मोहम्मद आजम एडवोकेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एडवोकेट हिफ़ज़ान हुसैन कनिष्ठ उपाध्यक्ष, एडवोकेट रिजवान अल्वी संयुक्त सचिव, एडवोकेट दीपा कश्यप संयुक्त सचिव संस्कृति, एडवोकेट रफ्त खान प्रवक्ता, एडवोकेट मोहम्मद दिलशाद मीडिया प्रभारी रहे।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भाकियू ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** भाकियू टिकैत गुट ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में धामपुर से नूरपुर रोड, मनकुंआ, अथाई शेख चौराहे पर पानी की निकासी न होने के कारण टूट रही सड़क की मरम्मत कराने, मिर्जापुर पल्ला तक क्षतिग्रस्त मार्ग ठीक कराने, धामपुर-नहटौर मार्ग पर गैस एजेंसी के पास सड़क पर आ रहे खेतों के पानी की निकासी को नाले में करने, रामगंगा नदी से भूतपुरी पुल के नीचे जमा सिल्ट हटवाने, गन्ना सीजन चालू होने से पहले गन्ने का दाम 800 रुपए प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में अशोक कुमार सिंह, रूपेश सिंह, योगेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय पाल सिंह, गजराम सिंह, कविराज, जितेंद्र सिंह रहे।



# शौर्य सम्मान से नवाजे गये एएसपी कृष्ण गोपाल

## पाकिस्तानी गैंगस्टर के सिंडिकेट का पर्दाफाश करने पर एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश ने किया सम्मानित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के इशारे पर भारत में अव्यवस्था फैलाने की साजिश रच रहे सिंडिकेट का पर्दाफाश करने वाली बिजनौर पुलिस की कार्रवाई को शासन स्तर पर सराहा गया है। कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह को शौर्य सम्मान मैडल से सम्मानित किया गया। सोमवार को लखनऊ के गोमतीनगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह को मैडल प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। बताया गया कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के इशारे पर भारत में अव्यवस्था फैलाने की साजिश रच रहे एक सिंडिकेट के खिलाफ बिजनौर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की थी। पुलिस की जांच और कार्रवाई में सिंडिकेट से जुड़े लोगों की गतिविधियों का खुलासा हुआ था। इस पूरे मामले में पुलिस टीम ने साजिश को नाकाम करते हुए सिंडिकेट को ध्वस्त किया। एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह को इसी साहसिक और उल्लेखनीय पुलिस कार्रवाई के लिए शौर्य सम्मान मैडल प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में पुलिस की प्रभावी कार्रवाई और टीम के योगदान की सराहना की गई।



# इंस्पेक्टर विपिन को मिला डीजीपी का प्रशंसा चिन्ह



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस-2026 के अवसर पर पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान के लिए निरीक्षक विपिन कुमार को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण द्वारा पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया। सोमवार को एसपी केके बिश्नोई ने निरीक्षक विपिन कुमार को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसडीएम को कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में मिलीं खामियां

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित ने नगर पालिका परिषद किरतपुर के मोहल्ला बुद्धपाड़ा स्थित वार्ड संख्या-14 में संचालित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कई व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप नहीं मिलीं, जिस पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद किरतपुर मेघा गुप्ता, गौशाला प्रभारी सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे, जबकि सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कासम अली अनुपस्थित पाए गए। गौशाला में कुल 70 गौवंश संरक्षित मिले, जिनमें 29 नर और 41 मादा गौवंश शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी गौवंशों की जियो टैगिंग तथा नर गौवंशों का बधियाकरण कराया जा चुका है।

### बीमार और चोटिल गौवंश को नहीं किया गया था अलग

निरीक्षण में एक गौवंश लिम्पी जैसी बीमारी से संक्रमित तथा एक अन्य गौवंश चोटिल पाया गया। दोनों को अन्य गौवंशों से अलग नहीं रखा गया था। इस पर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि बीमार और चोटिल गौवंशों को तत्काल पृथक किया जाए। साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी से उनका समुचित उपचार एवं मरहम-पट्टी कराने के निर्देश दिए।



### खाली मिली पानी की नाद, खराब मिले पंखे

गौशाला में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। पेयजल की नाद खाली थी और जगह-जगह गंदगी मिली। कुछ पंखे खराब पाए गए, जबकि विद्युत व्यवस्था भी बाधित थी। अपर जिलाधिकारी ने स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

### स्टॉक पंजिका में भूसा शून्य, मौके पर मिला तीन कुंतल

**गौशाला की भूसा स्टॉक पंजिका में उपलब्धता शून्य दर्शाई गई थी, जबकि मौके पर करीब तीन कुंतल भूसा मिला। इसके अलावा साईलेज के कुछ कट्टे भी रखे मिले, जिनमें साईलेज खराब अवस्था में पाया गया। एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब साईलेज किसी भी स्थिति में गौवंशों को न खिलाया जाए।**

### चारा, पानी और गर्मी से बचाव की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

अपर जिलाधिकारी ने वर्षा एवं ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए गौशाला में हरा चारा, भूसा और चौकर का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही स्वच्छ पेयजल, तिरपाल, कूलर, पंखे और एग्जॉस्ट फैन आदि की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों को शत-प्रतिशत क्रियाशील रखने को भी कहा गया। उन्होंने गौशाला के मुख्य द्वार के बाहर महत्वपूर्ण सूचनाओं से संबंधित सूचना-पट्ट लगाने के निर्देश दिए। गत निरीक्षण में दिए गए निर्देशों का अनुपालन न होने पर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने की हिदायत दी गई।

# युवती को भगाने की रंजिश में ईंट-पत्थर, लाठी-डंडे चले, कई घायल



झगड़े के दौरान हाथों में लाठी-डंडे लिये हुए आरोपी

**नांगल सोती (चिंगारी)। युवती को भगा ले जाने के कारण दो पक्षों में चली आ रही रंजिश में सोमवार को लाठी-डंडें और ईंट-पत्थर चले, जिससे एक वृद्धा का हाथ टूट गया, दो के सिर फूट गये तथा तीन अन्य घायल हो गये। मारपीट के वीडियो के साथ पीड़ित वृद्धा ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, जिस पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर लिया।**

ग्राम शहजादपुर में एक ही कुटुंब के लोगों में पिछले कुछ दिनों से रंजिश चली आ रही है। रंजिश का कारण है कि एक पक्ष का युवक विगत 17 अगस्त की रात्रि में दूसरे पक्ष की युवती को भगाकर ले गया था। युवती बालिग है तथा उसने न्यायालय में युवक के साथ ही रहने की इच्छा जताई थी। बयानों के आधार पर उसे युवक के साथ ही भेज दिया गया था। दोनों पक्षों के घर आमने-सामने हैं। तब से युवक-युवती रिश्तेदारी में रह रहे थे। सोमवार को दोनों शहजादपुर में अपने घर आये थे। कल ही दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर, लाठी-डंडें चल गये, जिससे एक पक्ष के आधा दर्जन व्यक्ति घायल हो गये। नसीम अहमद तथा मुस्तकीम ने बताया कि हमले में उनकी मां शकीला (75 वर्ष) पत्नी स्व. रफीक अहमद का हाथ टूट गया। जबकि इलमा (19 वर्ष) पुत्री मुस्तकीम एवं अरमान (14 वर्ष) पुत्र अकबर के सिर फूट गये। इसके अलावा नजराना पत्नी अफजल, शाहीन (15 वर्ष) पुत्री मुस्तकीम, अफजल पुत्र अकबर को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार एवं मेडिकल परीक्षण के लिये समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी भिजवाया। वहां से वृद्धा शकीला, इलमा तथा अरमान को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। मारपीट की घटना के दो वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें महिला-पुरुष हाथों में लाठी-डंडे तथा ईंट-पत्थर लिये हमला करते नज़र आ रहे हैं। थानाध्यक्ष अनु कुमारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान रहा अमन चैन सम्मानित हुए टीएसआई रवि नैन



**बिजनौर (चिंगारी)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बिजनौर के द्वारा रवि कुमार नैन प्रभारी यातायात पुलिस को पुलिस लाइन पहुंचकर सावन माह की कांवड़ यात्रा का सुव्यवस्थित सफल संचालन कराने हेतु शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस बार जिले में बड़े व्यवस्थित ढंग से कांवड़ यात्रा का संचालन हुआ। कोई घटना, दुर्घटना नहीं हुई, कोई लड़ाई, फसाद आदि भी नहीं हुआ। रवि कुमार ने व्यापारियों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। प्रतिनिधिमंडल में सर्व श्री खगेश कुमार शर्मा जिला महामंत्री, संजू शर्मा जिला मंत्री, प्रदीप अग्रवाल जिला संगठन मंत्री, अरविंद ठाकुर उपकोषाध्यक्ष, ब्रह्मपाल सिंह, अनुराग शर्मा आदि उपस्थित रहे।**

# कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज का बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**बिजनौर (चिंगारी)।** कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज का बी.ए. द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए, जिससे महाविद्यालय में हर्ष और गौरव का वातावरण व्याप्त है। परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान आमना (85.90 प्रतिशत), द्वितीय स्थान आद्रिका भटनागर (83.50 प्रतिशत) अंकों के साथ तथा तृतीय स्थान अंजुम रजविया एवं अंकिता चौधरी ने (82.40 प्रतिशत) अंकों के साथ प्राप्त किया। अन्य अनेक विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी एवं उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता अर्जित कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। बी.ए. विभाग के विभागाध्यक्ष रवि कुमार एवं समस्त प्राध्यापकों डॉ. शबनम कुरेशी, आदिल खान, सारिका चौधरी, देवकी रावत, मनीषा रानी एवं अनुज कुमार ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# कन्या सुरक्षा मिशन को लेकर थाना प्रभारी से मिले



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह चिकारा अपने टीम सदस्यों के साथ सोमवार को हीमपुर दीपा थाना पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक रवि करण सिंह से मुलाकात कर उन्हें मिशन संबंधी एक प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस दौरान बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षा पर भी चर्चा की गई। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने सभी टीम सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# नाबालिग को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार



**नूरपुर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गत 15 अगस्त को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि युवक संजय कुमार उर्फ दीपू उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज किया। अपहृता की सकुशल बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने गत 30 अगस्त को अपहृता को बरामद कर लिया। पुलिस ने 31 अगस्त को घटना के वांछित आरोपी संजय कुमार उर्फ दीपू निवासी ग्राम रामपुर विडार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपी के चालान की पुष्टि की है।

# मॉडर्न ऐरा स्कूल के छात्रों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में पाया पहला स्थान

**बिजनौर (चिंगारी)।** मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर.आर. मोरारका पब्लिक स्कूल नजीबाबाद में आयोजित आठवीं नर्मदा देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय लोकतंत्र को पुरानी परंपराओं से अधिक नई आवाज़ों की आवश्यकता है। इस बौद्धिक और वैचारिक मुकाबले में मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल के छात्र मुहम्मद इब्राहिम और छात्रा अफीफा हिदायत ने अपने उत्कृष्ट तर्कों और बेखौफ अंदाज से सभी को प्रभावित किया। विद्यालय लौटने पर विजेता छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। इस गौरवशाली उपलब्धि पर विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा



बिस्वास, प्रबंध समिति, शिक्षकों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मैया मोरी, एएसपी के कैंप कार्यालय के बराबर में स्थित मंदिर से दान पात्र चोरी




**धामपुर ( चिंगारी )।** अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के कैंप कार्यालय/आवास के बराबर में स्थित मंदिर से दानपात्र चोरी होने की घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर की पॉश धामपुर जंक्शन कॉलोनी में हुई इस घटना को लेकर मंदिर समिति और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। समिति पदाधिकारियों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद चौकी प्रभारी ने मौके का निरीक्षण तक नहीं किया। बताया गया कि आज सुबह करीब 5:50 बजे मंदिर के पुजारी जब मंदिर पहुंचे तो दानपात्र गायब मिला। चोरी होने की घटना सामने आ गई। मंदिर समिति के पदाधिकारी डॉ. शंकर लाल शर्मा ने घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि मंदिर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के कैंप कार्यालय/आवास के बिल्कुल बराबर में स्थित है। इसके बावजूद मंदिर से दानपात्र चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में इससे पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन उनका अभी तक पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया गया है। ऐसे में मंदिर से दानपात्र चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। आसपास तलाश करने पर मंदिर से कुछ दूरी पर खेत में दानपात्र पड़ा मिला। हालांकि दानपात्र से कितनी धनराशि चोरी हुई, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। मंदिर समिति की योजना थी कि जन्माष्टमी के अवसर पर दानपात्र खोला जाएगा, जिससे उसमें जमा धनराशि से धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाएं की जा सकें। इससे पहले ही दानपात्र

# त्यौहार मिल-जुलकर मनायें स्वस्थ परम्परा निभायें



शांति समिति की बैठक में बोलते हुये डा. मनोज वर्मा।

**स्योहारा ( चिंगारी )।** जन्माष्टमी उत्सव व रामडोल के जुलूस को लेकर थाने मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक को सम्बोधित करते हुए डाक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि त्योहारों को आपसी सौहार्द से मनाया जाना चाहिए और उनके महत्व को भी जानना चाहिए। पुराने समय से चली आ रही परमपरा को उसी तरह निभाना चाहिए, जैसे होते आया है। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अमित वर्मा ने कहा कि त्यौहारों के समय बाजार मे ईरिक्शा पर पूर्ण प्रतिबंध हो। सर्राफा बाजार मे सुरक्षा बढाई जाए और अन्य व्यापारियों की सुरक्षा का इंतजाम त्यौहारों के अवसरों पर किया जाए। किसान नेता चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने आपसी तालमेल से काम करने की सलाह दी। थानाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन मे शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाने को कहा और साथ ही साथ हुड़दंग करने पर कानूनी कार्यवाही की बात भी कही। इस दौरान नायब तहसीलदार श्याम सुन्दर वैश्य, थानाध्यक्ष संजय तोमर, डा. मनोज वर्मा, ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान, लेखपाल अनिल कुमार, चंचल शर्मा, अमित वर्मा, शहर इमाम मौलाना मो. कामिल अंसारी, अमित शर्मा, भाकियू तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत, चंचल शर्मा, राजपाल प्रजापति, नीटू जोशी, राजवीर त्यागी आदि मौजूद रहे।

# साईं मिलेनियम स्कूल में हुई इन्वेस्टिचर सेरेमनी

## तनुष त्यागी चुने गये हेड बॉय, तूबा मुस्कान हेड गर्ल



साईं मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी में छात्र परिषद के छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए ईडी डॉ. रेनू त्यागी।

**नहटौर ( चिंगारी )। साईं मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र के छात्र परिषद के आधिकारिक गठन हेतु 'इन्वेस्टिचर सेरेमनी' (शपथ ग्रहण समारोह) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को अंकुरित करना था।**

सोमवार को स्कूल के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रबन्धक सुनील त्यागी, डॉ. रेणुका त्यागी और स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश रॉय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसने पूरे सभागार को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इस वर्ष की छात्र परिषद में तनुष त्यागी को 'हेड बॉय' और तूबा मुस्कान को 'हेड गर्ल' के रूप में चुना गया। अतिथियों ने नवनिर्वाचित हेड बॉय तनुष, हेड गर्ल तूबा मुस्कान एवं विभिन्न हाउस कैप्टन्स (अर्थ हाउस से अक्षरा राठी, मार्स हाउस से अलीसबा अमीर, सैटर्न हाउस से सिद्धार्थ त्यागी यूरेनस हाउस से कुणाल शर्मा) और प्रीफेक्ट्स को बैज लगाए और आधिकारिक सैश पहनाए। सीनियर कार्डिनेटर मोहिता बख्शी ने सभी नवनिर्वाचित छात्र नेताओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील त्यागी ने कहा, नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं होता। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय के छात्रों द्वारा एक लघु सांस्कृतिक नृत्य और देशप्रेम से ओतप्रोत नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने सबका मन मोह लिया। नवनिर्वाचित हेड गर्ल तूबा मुस्कान और हेड बॉय तनुष त्यागी ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों, शिक्षकों और सहपाठियों का आभार व्यक्त किया। संचालन अलीजा जैदी और समाना जैदी ने किया।

# कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को शेरकोट मार्ग स्थित ग्राम सुहागपुर और नगीना मार्ग स्थित गांव चकशहजानी के पास हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरकोट के मोहल्ला कायस्थान निवासी अनिकेत अपनी रिश्तेदार अंकिता के साथ उसकी पुत्री दिव्यांशी को दिखाने ग्राम सुहागपुर स्थित एक अस्पताल में आए थे जब वह दिव्यांशी को दिखाकर बाइक से लौट रहे थे तो उनकी बाइक सामने से आ रही कार से टकरा गई जिससे अनिकेत व अंकिता के चोट लग गई। कार चालक मोहल्ला शेखान शेरकोट निवासी निजाम ने बताया कि बाइक से भिड़त होने पर उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है।

# घेर में घुसकर गुलदार ने बकरी को मार डाला

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम मौ.पुर राजौरी में शानू पुत्र महबूब के घेर में दीवार फांदकर घुसे गुलदार ने बकरी को मौत के घाट उतार दिया। बकरी लेकर दीवार पार नहीं कर पाने पर गुलदार बकरी के कुछ हिस्से को अपना निवाला बनाकर बाकी अवशेष छोड़ गया। पीड़ित पशुपालक शानू ने इसकी सूचना स्थानीय वनकर्मियों को दी। वनकर्मी मौ. अब्बास को बताया कि बकरी अन्य पशुओं के बीच बंधी हुई थी कि घेर की दीवार फांदकर आए गुलदार ने बकरी पर झपट्टा मारकर उसकी रस्सी तोड़ डाली मगर उसे लेकर वह वापस घेर की दीवार पार नहीं कर सका जिसके बाद उसने बकरी के कुछ हिस्से से अपनी भूख मिटाई और बाकी अवशेष छोड़ भागा। ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने यहां पिंजरा लगाने की मांग की है।

# सांप के डसने से नवयुवती की मौत

**अल्हैपुर/धामपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र की मुन्नी देवी कॉलोनी निवासी शिशुपाल सैनी की 17 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी की सांप के डसने से मौत हो गई। शिशुपाल ने बताया, कि उसकी पुत्री लक्ष्मी देवी रविवार की रात को घर में चारपाई पर सो रही थी। रात के 11 बजे सांप ने चारपाई पर चढ़कर उसके गाल पर डस लिया। तभी से लक्ष्मी की हालत बिगड़ती गई, कई जगह उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन लक्ष्मी ने 12 घंटे के बाद दम तोड़ दिया।**

# भट्टोवाला में पुल निर्माण हेतु 3.16 करोड़ स्वीकार क्षेत्रवासियों ने डॉ. प्रेमचन्द का जताया आभार

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र के भट्टोंवाला ग्राम सभा में प्रस्तावित पुल निर्माण के लिए 3.16 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रीय लोगों ने ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल का उनके ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय पहुंचकर माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर धन्यवाद किया। ग्राम प्रधान संगीता राणा ने कहा कि डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल के नेतृत्व में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता द्वारा जब भी किसी समस्या अथवा विकास कार्य को विधायक जी के सम्मुख रखा जाता है, उनके द्वारा उसे गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाता है। भट्टोवाला पुल की वित्तीय स्वीकृति इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। भट्टोंवाला में पुल निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप विकास



कार्यों को गति देने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर मानवेंद्र कंडारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक मेहर, उप प्रधान रविंद्र रमोला, पूर्व प्रधान दीपा राणा, शुभांगी थलवाल, अर्चना व्यास, कुंदन रौथान, शेखर राणा, केशव पोखरियाल, आजाद राणा आदि उपस्थित रहे।

# वन्य जीवों का वीडियो बनाना पर्यटकों को पड़ सकता है भारी

कालागढ़ ( चिंगारी )। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज में सोशल मीडिया के लिए वन्यजीवों की वीडियो बनाने का बढ़ता क्रेज अब पर्यटकों पर भारी पड़ सकता है। बाघ और अन्य वन्यजीवों का पीछा कर वीडियो बनाने, उनके बेहद करीब जाने, वाहन पीछे दौड़ाने अथवा हेडलाइट मारकर उनका रास्ता रोकने वालों के खिलाफ वन विभाग कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। ऐसे मामलों की निगरानी भी बढ़ा दी गई है।

वन विभाग की टीमों के साथ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ( एसओजी ) को भी ऐसे लोगों की पहचान करने की जिम्मेदारी दी गई है। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो और रील्स पर भी नजर रखी जाएगी। वीडियो के माध्यम से किसी आरोपी की पहचान होने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

उपप्रभागीय वन अधिकारी कालागढ़ बिंदरपाल सिंह ने बताया कि वन्यजीवों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उन्हें परेशान करने की अनुमति नहीं है। सोशल मीडिया के लिए वन्यजीवों का पीछा करने अथवा उनके व्यवहार में बाधा डालने वालों पर निगरानी रखी जा रही है। ऐसे लोगों की पहचान होने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 9 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

अफजलगढ़( चिंगारी )। सोमवार को भगवान शिव के प्रति आस्था लेकर नगर से नौ श्रद्धालुओं का जत्था हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु मणिमहेश झील में पवित्र स्नान कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करेंगे। श्रद्धालुओं ने बताया कि मणिमहेश यात्रा भरमौर क्षेत्र के हड़सर से शुरू होती है। हड़सर से करीब 13-14 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर श्रद्धालु धनछो और गौरीकुंड होते हुए मणिमहेश झील पहुंचते हैं। झील के समीप मणिमहेश कैलाश पर्वत के दर्शन होते हैं। यात्रा पर जाने वालों में संजय जोशी, अनमोल अग्रवाल, निक्की वर्मा, संजय श्रीमाली, अर्निम गौतम, अरविंद श्रीमाली, विभोर गोयल, गोविंद और सतपाल शामिल हैं।



मणिमहेश यात्रा के लिए रवाना होते श्रद्धालु।

## साइकिल की दुकान का उद्घाटन

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला रम्पुरा जाटो वाला कुआ के बराबर में अमन साइकिल स्टोर का उद्घाटन सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी, विधायक हाजी तस्लीम अहमद एवं व्यापारी नेता कपिल सर्राफ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर हाजी रफ़ीक़ अंसारी, हाजी तसलीम अहमद एवं कपिल सर्राफ ने खुद साइकिल चलाकर इसका आनंद लिया।



इस अवसर पर हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने कहा कि सेहत को बेहतर रखने के लिए साइकिल चलाना ज़रूरी है। अमन साइकिल स्टोर के नई शुरुआत पर हाजी महबूब अंसारी को मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम में नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम व साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने भी शिरकत कर स्टोर मालिक को बधाई दी।

# कीड़ों से परेशान होकर अनाज गोदाम पर किया प्रदर्शन

बिजनौर ( चिंगारी )। आज आदमपुर स्थित सरकारी अनाज गोदाम पर स्थानीय लोगों द्वारा कीड़ों एवं सुरसलियों की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया गया। गोदाम के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के समय गोदाम में अनाज का सही रख-रखाव न रखने के कारण उसमें अत्यधिक मात्रा में कीड़े उत्पन्न हो जाते हैं, जो आसपास के घरों में बहुतायत में पहुंचते हैं, जिससे घर में रखे अनाज में रसोई में रखे समान में, यहां तक कि बिस्तरों में घुस जाते हैं, जिससे भारी असुविधाएं होती हैं। हर वर्ष इसकी शिकायत संबंधित गोदाम अधिकारियों से की जाती है, परंतु कोई समाधान नहीं होता। आज गोदाम के प्रबंधक मुनीर अहमद से स्पष्ट शब्दों में कहा गया के इसका स्थायी समाधान करें, जिसके लिए गोदाम प्रबंधक द्वारा एक सप्ताह का समय मांगा गया है। यदि एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो प्रदर्शन बड़े स्तर पर किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में शुभम चौधरी, देवेंद्र, मनोज राठी, सत्येंद्र राठी, शिवम राठी, मयंक, दक्ष चौधरी, योगराज, एके सिंह, हरेन्द्र, राजकुमार आदि रहे।



# यतीमखाने के सामने से सचिव ने खुद हटवाया अतिक्रमण

## कई दुकानदारों ने भी स्वयं तोड़े अवैध कब्जे

बिजनौर ( चिंगारी )। नगर में अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस की सख्ती का असर अब दिखाई देने लगा है। सोमवार को नगर पालिका चौराहे से बुल्ला के चौराहे तक चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद आज यतीमखाने के सचिव एवं सीनियर सभासद जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी ने पहल करते हुए यतीमखाने के सामने किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटवा दिया। उनकी इस पहल की प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्र में सराहना की जा रही है। वहीं, कुछ अन्य दुकानदारों ने भी प्रशासन की कार्रवाई से पहले अपने स्तर पर अवैध अतिक्रमण हटा लिया।



सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस, नगर पालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने नगर पालिका चौराहे से बुल्ला के चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया था। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई।

अभियान के दौरान कार्रवाई का विरोध करने पर पुलिस ने दो व्यापारी भाइयों को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया। पुलिस ने अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वालों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि वे अपने अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटा लें, अन्यथा प्रशासन द्वारा सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार की कार्रवाई और पुलिस के सख्त तेवरों का असर मंगलवार को देखने को मिला। यतीमखाने के सचिव एवं सीनियर सभासद जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी ने प्रशासन का सहयोग करते हुए यतीमखाने के सामने किए गए अतिक्रमण को स्वयं तुड़वा दिया। इसके अलावा क्षेत्र के कुछ दुकानदारों ने भी प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार किए बिना अपने-अपने स्तर से अवैध अतिक्रमण हटा लिया। सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एसडीएम सदर स्मृति मिश्रा और सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय की मौजूदगी में की गई थी। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# मुज़फ़्फ़रनगर के युवक ने ऋषिकेश की छात्रा को होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्वतः संज्ञान लिया


पीड़िता व उसके परिजनों से मिलने एम्स जाती महिला आयोग की अध्यक्ष।

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ऋषकेश के एक होटल में नाबालिग छात्रा के साथ सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर दुष्कर्म किए जाने के गंभीर मामले का उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एम्स पहुंचकर उपचाराधीन पीड़िता और उसके परिजनों से भेंट कर घटना की पूरी जानकारी ली तथा पीड़िता को हर संभव न्याय, समुचित उपचार और सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने अस्पताल व पुलिस अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष जांच के सख्त निर्देश दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक देहात जया बलूनी और ऋषिकेश के प्रभारी निरीक्षक थाना ऋषिकेश यशपाल सिंह बिष्ट से दूरभाष पर वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुजफ्फरनगर निवासी फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश तेज की जाए और उसके खिलाफ कठोरतम कानूनी धाराओं में कार्रवाई सुनिश्चित हो। आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर निवासी विशेष समुदाय के आरोपी युवक द्वारा सोशल मीडिया पर ऋषिकेश की नाबालिग छात्रा को ऋषिकेश में ही आकर बहला-फुसलाकर होटल में बुलाना और फिर नशीला पेय पिलाकर दुष्कर्म करना एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से विशेष वर्ग के युवकों द्वारा बालिकाओं व युवतियों को प्रेमजाल और झूठे वादों में फंसाकर उनका शारीरिक व मानसिक शोषण करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होंने समाज और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर विशेष सतर्कता बरतें। साथ ही पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि फरार आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कठोरतम कानूनी धाराओं में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मामले में होटल प्रबंधन की भूमिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए महिला आयोग अध्यक्ष ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड को पत्र प्रेषित कर राज्यभर के होटलों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आदेश दिया कि प्रदेश के सभी होटलों में कम से कम 3 महीने का सीसीटीवी बैकअप सुरक्षित रखना अनिवार्य किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर महिला आयोग, पुलिस प्रशासन अथवा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बिना किसी बाधा के संदिग्ध गतिविधियों और आने-जाने वालों के रिकॉर्ड की जांच की जा सके।

## स्टेशन के बाहर से हटाये गये दुकानदार धरने के साथ ही बड़े आंदोलन को तैयार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रेलवे स्टेशन के बाहर वर्षों से संचालित 59 खोखानुमा दुकानों को हटाने के विरोध में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले कारोबारियों का धरना तेरहवें दिन भी जारी रहा। व्यापारियों ने कहा कि जब तक उनके विस्थापन की उचित व्यवस्था नहीं होती, तब तक दुकानों को हटाया न जाए। वहीं व्यापारियों के धरने को आम जन व संगठनों का समर्थन भी मिल रहा है। इस अवसर पर व्यापारियों ने कहा कि इन दुकानों से वे लंबे समय से अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे हैं। अचानक दुकानें हटने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। विकास के नाम पर छोटे व्यापारियों की दुकानों को उजाड़ना उचित नहीं है। व्यापारियों ने सरकार और प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके लिए वैकल्पिक स्थान या पुनर्वास करने की मांग की। चेतावनी दी कि इस संबध में शीघ्र उचित निर्णय न लिए जाने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीन भाटिया, महामंत्री नवीन गोयल, कुंज अग्रवाल, नितिन भाटिया, अजीत मल्होत्रा, हरीश भाटिया, राम भाटिया, राजकुमार भाटिया, दिनेश डेमला मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में शिक्षा समागम के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम

### चौंफला व जौनसारी नृत्यों ने समां बांधा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय के डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम सभागार में अखिल भारतीय शिक्षा समागम के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. डी. एस. नेगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति के साथ-साथ देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रा प्रियंका ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत कर सभागार में उत्साह एवं देशप्रेम की भावना का संचार किया। तत्पश्चात दिव्यांका एवं खुशी ने गढ़वाली खुदेड़ गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया, जबकि नवीन ने पारंपरिक गढ़वाली चांचरी प्रस्तुत कर लोक संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। अभिलाष, नवीन, प्रियंका, दिव्यांका, खुशी एवं शिखा की टीम ने पारंपरिक गढ़वाली चौंफला नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इसी क्रम में जान्हवी, प्रियांशी, आकांक्षा, सांची, खुशी गोदियाल, कुणाल, आभाष एवं आयुष ने ऊर्जावान जौनसारी सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। वहीं प्रियंका, सुहानी, कुमुद, नव्यता, कृतिका एवं आकांक्षा ने मनमोहक गढ़वाली सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर उत्तराखंड की लोक संस्कृति के विविध रंगों को जीवंत कर दिया। अंत में प्राचार्य डा. डी एस नेगी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया। इस दौरान संगीत समिति के सदस्य डॉ. नवीन चंद्र खंडूड़ी, अरविंद दुदपुड़ी, डॉ. सुनीता नौटियाल, डॉ. रवींद्र कुमार सहित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र संघ के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## हॉकी प्रतियोगिता का समापन

### कोटद्वार स्टेडियम की टीम ने जीता खिताब

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्व. शशिधर भट्ट राजकीय स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय अंडर-19 बालक, बालिका मिक्स हॉकी प्रतियोगिता का समापन हो गया है। फाइनल में कोटद्वार स्टेडियम ए की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मोटाढाक स्टेडियम ए की टीम को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। दूसरे दिन पहला सेमीफाइनल मुकाबला मोटाढाक स्टेडियम ए और मोटाढाक स्टेडियम बी टीमों के बीच खेला गया] जिसमें मोटाढाक स्टेडियम ए ने 2-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में कोटद्वार स्टेडियम ए की टीम ने मोटाढाक स्टेडियम सी की टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में कोटद्वार स्टेडियम ए टीम ने मोटाढाक स्टेडियम ए टीम को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में निर्णायक की भूमिका राहुल यादव, तेजेंद्र सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, विक्रम सिंह नेगी और मान सिंह थापा ने निभाई। मुख्य अतिथि भाजपा के खेल प्रकोष्ठ पदाधिकारी सौरभ नौडियाल और विशिष्ट अतिथि अजयपाल सिंह रावत व व्यायाम शिक्षिका अनीता बिष्ट ने संयुक्त रूप से विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

## 5 सितम्बर को शिक्षक एवं मेधावी छात्र किये जायेंगे सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की आयोजित मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर बोर्ड परीक्षा के मेधावियों और शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय भी लिया गया। मंच अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से प्रभावित व्यापारियों को अन्यत्र स्थापित करने, शहर की सड़कों को गड्ढामुक्त कर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आबादी क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही रोकने के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की गई। साथ ही शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को बालासौड़ रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में मेधावी छात्र एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में प्रकाश कोठारी, शिवप्रकाश कुकरेती, सत्यनारायण नौटियाल, शशिमोहन उनियाल, जनार्दन प्रसाद ध्यानी और मदनमोहन कोठारी आदि मौजूद रहे।

## फॉरेस्ट क्लीयरेंस के पेंच में फंसे 7 जिलों के 19 एनएच प्रोजेक्ट

### सीमावर्ती इलाकों से जुड़े कई सामरिक महत्व के प्रोजेक्ट भी प्रभावित



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में करोड़ों रुपये की लागत से प्रस्तावित और निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर फॉरेस्ट क्लीयरेंस की औपचारिकताएं भारी पड़ती नजर आ रही हैं। प्रदेश के 7 जिलों में 19 एनएच प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जिनमें वन भूमि से संबंधित स्वीकृतियां और अन्य जरूरी औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाने के कारण काम की गति प्रभावित हो रही है। इनमें कई परियोजनाएं अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे क्षेत्रों से संबंधित हैं, जिससे इनका महत्व केवल विकास के लिहाज से ही नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी काफी अधिक है। वन क्षेत्रफल की अधिकता के कारण उत्तराखंड में सड़क और आधारभूत ढांचे से जुड़ी अधिकांश बड़ी परियोजनाओं में वन भूमि का इस्तेमाल किसी न किसी रूप में होता है। ऐसे में वन अधिनियम के तहत फॉरेस्ट क्लीयरेंस, भूमि हस्तांतरण और पेड़ों के कटान की अनुमति जैसी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इन औपचारिकताओं में देरी होने पर परियोजनाओं की समयसीमा प्रभावित होने के साथ उनकी लागत भी बढ़ने लगती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडे ने प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु को पत्र लिखकर लंबित फॉरेस्ट क्लीयरेंस की प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया है। पत्र में इन परियोजनाओं के महत्व को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही गई है। पीडब्ल्यूडी सचिव के अनुसार, कई परियोजनाओं में वन संबंधी औपचारिकताएं अभी पूरी होनी बाकी हैं। बड़े और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की हर महीने समीक्षा की जा रही है और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर स्वीकृतियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# अवैध रूप से संचालित बालाजी नर्सिंग होम सील, संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के कोटद्वार रोड स्थित मंडी समिति के निकट जाब्तागंज में बिना पंजीकरण संचालित किए जा रहे श्री बालाजी नर्सिंग होम के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। नोडल अधिकारी क्वैक्स की तहरीर पर नर्सिंग होम के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस को पत्र भेजा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बिजनौर के नोडल अधिकारी क्वैक्स की ओर से थाना नजीबाबाद को भेजे गए पत्र के अनुसार, जाब्तागंज स्थित श्री बालाजी नर्सिंग होम के खिलाफ क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकरण नहीं होने की शिकायत आइजीआरएस पर की गई थी। शिकायत के क्रम में नोडल अधिकारी ने सात अगस्त 2026 को मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम के संचालक अंकुर कुमार मौके पर मौजूद मिले। अस्पताल में मुन्नी पत्नी जगदीश निवासी हुसैनपुर नाम की एक मरीज भर्ती मिली, जो बुखार से पीड़ित थी। लेकिन संचालक की ओर से कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। स्वास्थ्य विभाग ने दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर नर्सिंग होम को अवैध संचालन की श्रेणी में रखते हुए सात अगस्त को सील कर दिया था। विभागीय पत्र के मुताबिक 26 अगस्त तक संचालक की ओर से नर्सिंग होम के संचालन से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित होने वाले क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालकों में भी हड़कंप की स्थिति है। विभाग का कहना है कि बिना आवश्यक पंजीकरण व मानकों के संस्थान संचालित करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

## सूचना

मेरा पुत्र मौ. नौशाद मेरी नाफरमानी करता है। इसलिए मैने उसे अपनी जायदाद चल अचल सम्पत्ति से बेदखल (आक) कर दिया है। मौ. नौशाद का अब उसकी चल व अचल सम्पत्ति में कोई हक व हिस्सा नहीं है। भविष्य में मौ. नौशाद के किसी भी कृत्यों के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**–ताजिम पुत्र यामीन, निवासी ग्राम कोटकादर थाना , रायपुर सादात, जिला बिजनौर**

## सूचना

मेरे पासपोर्ट संख्या Y8685761 में मेरे पति का नाम Varish भूलवश दर्ज हो गया है। सही एवं वास्तविक नाम Varees है। भविष्य में सही नाम से जाना पहचाना जाये।

**–सगुफता पत्नी वारीस, निवासी मौहल्ला शेख सराय, जलालाबाद, नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

## कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )

**अधिसूचना अंतर्गत धारा-147 ( 2 ) यू.पी. म्यु एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री जहूर अहमद पुत्र श्री शफीक अहमद मोहल्ला मकबरा तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री मन्जूर अहमद व जहूर अहमद पुत्रगण श्री शफीक अहमद नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु आपसी बटवारा व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-305 मौहल्ला मकबरा नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

अधिशासी अधिकारी, न.पा. परिषद, नजीबाबाद


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन

कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट

( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )

कोई भी Knee Cap

( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर

नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर

फोन - 9411012482, 8273387326

नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।





महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234





खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476







Gents Specialist

Suit Sherwani Pant Shirt

Fancy Coat Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

8445517265

8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर